सूर्य

और तुम देखोगे लोगों को ईश्वरधर्म में समूह के समूह प्रवेश होते हुए
(सूरः अल्नसर- कुरान)
चंद्रमॉ और सूर्य में मानव प्रतिबिंब (तस्वीर) का रहस्य! जो कि नासा (NASA),और अनेकों विश्वस्नीय संस्थाओं से प्रकाशित हुआ है

चंद्रमॉ



दीन-ए-इलाही

''यह पुस्तक प्रत्येक धर्म, प्रत्येक सम्प्रदाय ओर प्रत्येक मनुष्य के लिये विचारयोग्य और अन्वेषणयोग्य है। और अध्यात्मवाद् विरोधियों के लिये एक चैलेंज है।''

लेखक

सत्पुरूष आर० ए० गोहर शाही

सत्पुरूष आर० ए० गोहर शाही

लेखक दीन-ए-इलाही

व र ऐतन्नास यद्खुलून फ़ीदीनिल्लाहे अफ़वाजा (सूरः अल्नसर--- कुरान)

अनुवाद : और तुम देखोगे लोगों को ईश्वरधर्म में समूह के समूह प्रवेश होते हुए।

ईश्वरधर्म

(दीन-ए-इलाही)

ईश्वर के गुप्त रहस्य

इस कृत के समस्त अधिकार सुरक्षित हैं।

यह पुस्तक ईश्वर के खोजियों और ईश्वर से प्रेम करने वालों के लिये एक उपहार है।

सूचना वर्णन कर्ताओं (ज़ाकरीन) के लियेः

यह पुस्तक सत्यप्रियों, न्यायप्रकृति लोगों और ईश्वर के इच्छुकों तक पहुँचानी है।

सृष्टिकालीन द्वयवादी इस को नष्ट करने का प्रयत्न करेंगे।

समाहर्ता

मु० यूनुस अल्गोहर (लंदन) ..... अमजद अली गोहर (अबुधाबी)

मेहदी फाउंडेशन इंटर नेशनल

Contact: amjadgohar75@yahoo.com, younus38@hotmail.com,shahi_gulam@yahoo.com

यह वह **गोहर शाही** हैं जिन्होंने तीन वर्ष तक सिहवन शरीफ़ की पहाड़ियों और लाल बाग़ में ईश्वर के इश्क़ की ख़ातिर चिल्ला कशी करी। ईश्वर को पाने की ख़ातिर दुनिया छोड़ी, फिर ईश्वर के आदेश ही से पुनः दुनिया में आये। लाखों दिलों में ईश्वर का भजन (ज़िक्र) बसाया और लोगों को ईश्वर के प्रेम की ओर प्रवृत्त (राग़िब) किया। प्रत्येक धर्म वालों ने गोहर शाही को मसजिदों, मंदिरों, गुरूद्वारों और गिर्जा घरों में आध्यात्मिक अभिभाषण के लिए आमंत्रित किया और हृदयभजन (ज़िक्र क़ल्ब) प्राप्त किया अगणित स्त्री पुरूष इनकी शिक्षा से गुनाहों से दूर (ताएब) हुए और ईश्वर की ओर झुक गये। अगणित असाध्य रोगी इनके आध्यात्मिक उपचार से स्वस्थ हुए, फिर ईश्वर ने इनका चेहरा चंद्रमॉ पर दिखाया, फिर शिव लिंग (हज्र अस्वद) में भी इनकी तस्वीर (प्रतिबिंब) प्रकट हुई, पूरी दुनिया में इनकी ख्याति हो गई। परंतु चक्षु विहीन विद्वानों (मौल्वियों) को और सन्तों (वलियों) से ईर्ष्या एवं द्वेष रखने वाले मुसलमानों को यह व्यक्ति पसन्द न आया, इनकी पुस्तकों की लिखावटों में ग़बन करके इनपर अधर्म (कुफ़्र) और वध्य (वाजिबुल क़त्ल) के धर्माज्ञा (फ़तवे) लगाये। मानचेस्टर में इनके निवास स्थान पर पेट्रोल बम फेंका, कोटरी में अभिभाषण के मध्य इन पर हैण्ड ग्रेण्ड बम से आक्रमण किया गया। लाखों रूपये इनके शीर्ष का मूल्य रखा गया। पॉच प्रकार के प्रचंड झूटे मुक़दमे, देश के अंदर इनको फॅसाने के लिये स्थापित किये गये। नवाज़ शरीफ़ की वजह से सिंध सरकार भी सम्मिलित हो गई थी दो केस क़त्ल, अवैध अस्त्र, अवैध अधिकार की धारा भी लगाई गई। अमरीका में भी एक स्त्री से अत्याचार और अकारण बंधक का मुक़दमा बनाया गया। अनैतिक पत्रिकारिता (ज़र्द सहाफ़त) ने इन्हें संसार में खूब बदनाम किया, परंतु अन्त में न्यायालयों ने सुनवाई और तहक़ीक़ात के बाद समस्त मुक़दमे झूटे मानते हुए ख़ारिज कर दिये और ईशवर ने अपने इस मित्र को हर विपत्ति से बचाये रखा।

इन मुक़दमों के बारे में हाई कोर्ट की रिपोर्ट अवलोकन हो कि ''गोहर शाही को साम्प्रदायिक्ता (फ़िरक़ा वारियत) के कारण से बार बार फॅसाया जाता है''

ORDER SHEET

IN THE HIGH COURT OF SINDH, HYDERABAD CIRCUIT

Cr.B.A.No.159 of 1999.

APPELLANT
PETITIONER
PLAINTIFF/DECREE
APPLICANT

VERSUS

RESPONDENT
DEFENDENT
OPPONENT
JUDGEMENT DEBTOR

Serial No.	Date	Order with signature of Judge

1. FOR ORDERS ON MA NO.238/99.(If granted).
2. FOR ORDERS ON MA NO.239/99.
3. FOR ORDERS ON MA NO.240/99.
4. FOR HEARING.

18.03.1999.

Mr.Qurban Ali Chochan Advocate for the applicant
Mr.Behadur Ali Baloch A.A.G.

1. Granted.

2. Granted subject to all just exceptions.

3. Granted as the bail application No.88/99 has also been moved by the present applicant.

4. Learned counsel submits that the present bail application has been moved seeking bail before arrest of the applicant/accused with regard to his alleged involvement in crime No.18/99 for which an F.I.R. was lodged on 16.03.1999 by Police Station City at Hyderabad. It is alleged that the applicant on the day of incident viz. 19.02.1999 in the day

SGP., Kar.—L (iii) 22—1500-- 7-97 -OFFSET

time produced a T.T. Pistol bearing No.3BP-13410 of 30 bore and licence bearing No.5105339 dated 04.02.1999 issued by District Magistrate Sanghar in the name of accused Mohammad Nadeem who has been nominated in crime No.10/99 pending with Police Station City Hyderabad. Thereafter upon verification by the police authorities it transpired that the said licence was a forged one and was not issued in the name of accused Mohammad Nadeem. The F.I.R. was accordingly registered against the applicant U/s.420, 468, 471 PPC read with Section 13-D Arms Ordinance.

Learned counsel submits that the lodging of the FIR is a further attempt by the political and religious foes of the applicant to have him implicated in xxx false and concocted case, as earlier attempts have failed and in two other cases the applicant was granted bail before arrest by this Court. Learned counsel submits that for all the offences above mentioned the maximum sentence is seven years along with fine and consequently do not come within the prohibitory clause of Section 497 Cr.P.C. The learned counsel vehemently argued that unless this bail application is granted and the applicant is given protection by this Court he would be immediately arrested by the police as he has been prevented from approaching the trial Court for seeking bail.

I have gone through the F.I.R. as well as the

memo of this application. In the first instance, it appears that nowhere in the FIR it is mentioned as to why the applicant/accused visited the Police Station City on 19.02.1999 along with the weapon in question and its licence. Secondly, no reasons have been given in the FIR as to why the same was lodged after almost one month of the day of incident. In the earlier bail application No.88/99 I have granted interim protective bail to the applicant on the basis that the FIR in the said case appeared to have been lodged due to enmity and jealousy between the applicant and religious sects as well as political parties. The lodging of the FIR in the present case also appears to have been motivated by the same factors.

In the circumstances, the applicant is granted pre-arrest bail in a sum of Rs.1,00,000/- in the form of security or cash and P.R. bond in the like amount to the satisfaction of Additional Registrar of this Court. Notice to A.A.G. for 24.03.1999.

5. Today I have received a pamphlet allegedly from the applicant seeking justice from the Prime Minister of Pakistan regarding his persecution at the hands of various religious sects and Ulemas. Alth-ough the pamphlet has not been signed by the applicant, copies have been forwarded to all High Courts of Pakistan as well as Supreme



(5)

Court of Pakistan and others. At the end of the pamphlet a threat has been extended to the Government that unless the applicant/accused' request is acceded to the Government will soon crumble by hidden spiritual forces. In my view if at all this pamphlet has been either issued by the applicant or his supporters and sent to this Court, it amounts to unlawfu[l] interference in the administration of justice and may be taken up as a contempt matter. In these circumstances, let a notice be issued to the applicant inviting his comments o[n] the pamphlet, a copy whereof to be sent along with the noti[ce].

SD/- SARMAD J USMANI
JUDGE

CERTIFIED TO BE TRUE COPY
22/3/99
SUPERINTENDENT

Cr.Bail Application No. 159/1999.   No. 2009 Dt. 22/3/99

Copy Forwarded to the Sessions Judge Hyderabad for information and Compliance, He is informed that surety has been furnished on behalf of the abovenamed applicant before the Additional Registrar of this Court in the Sum of Rs, 100,000/- Vide Bond No. 5823 and P.R.Bond No. 5824 dated:- 22.3.1999.

COPY TO THE APPLICANT ABOVENAMED.

(GHULAM MUSTAFA CHANNA)
DEPUTY REGISTRAR
HIGH COURT OF SINDH CIRCUIT COURT
HYDERABAD

* विशेष सूचना *

इन मुक़दमों की विफलता के बाद इब्लीासियों ने 295 का एक और तार्किकीय मुक़दमा बनाया कि गोहर शाही ने अवतारत्व (नबूवत) की घोषणा कर दी है। इसमें उन्हें सरकार के उच्च श्रेणी के वर्ग का पक्षपात प्राप्त हो गया था, यहाँ तक कि पूर्व राष्ट्रपति रफ़ीक़ तारड़ फ़िरक़ा की वजह से पार्टी बन गये थे। जिस कारण आतंकवाद निवारण के जज पर दबाव के कारण सज़ा सुनाई गई। ईश्वर ने चाहा तो हाईकोर्ट में या सुप्रिम कोर्ट में इस झूटे केस का भी फैसला हो जायेगा।

ईश्वर के नाम से आरंभ जो दयालु कृपालु है

प्राकथन

चंद्रमॉ, सूर्य, शिवलिंग (हज्र अस्वद), शिव मंदिर और कई दूसरे स्थानों पर भी गोहर शाही की तस्वीर प्रकट होने के बाद प्रायः मुस्लिम और ग़ैर मुस्लिम का विचार और दृढ़ विश्वास है कि यही व्यक्ति मेहदी, कालकी अवतार और मसीहा है जिसका विभिन्न धार्मिक पुस्तकों में वर्णन आया है।

आओ! आप भी इनको परखने की कोशिश करें और हमसे तहक़ीक़ के लिये संपर्क करें और इनकी पुस्तकों द्वारा भी इनको पहचानने की कोशिश करें।

मु० यूनुस अल्गोहर (लंदन.... इंग्लैंड)
younus38@hotmail.com

भूमिका

* द्वारा आर० ए० गोहर शाही *

1- जो धर्म आकाशीय ग्रंथों द्वारा स्थापित हुए वह सत्य हैं बशर्त कि उनमें परिवर्तन न किया गया हो।

2- धर्म नाव और विद्वान नाविक की तरह होते हैं, यदि किसी एक में भी त्रुटि हो तो गंतव्य पर पहुँचना कठिन है। परंतु संत पुरूष (अवलिया) टूटी फूटी नाव को भी किनारे लगा देते हैं, यही कारण है कि टूटे फूटे लोग संतों के चहुं ओर एकत्रित हो जाते हैं।

3- धर्म से उच्चतर ईश्वरप्रेम है, जो समस्त धर्मों का निचोड़ है। जबकि ईश्वर का प्रकाश (नूर) मार्गज्योति है!

4- तीन भाग वाह्य ज्ञान के और एक भाग आंतरिक ज्ञान का है जो विष्णु महाराज (ख़िज़र अलै०) द्वारा सर्व साधारण हुआ। ईश्वर का प्रेम ही ईश्वर की समीपता का साधन है, जिस दिल में ईश्वर नहीं कुत्ते उससे श्रेष्ठ हैं, क्यों कि वह अपने स्वामी से प्रेम करते हैं और प्रेम ही के कारण स्वामी की सन्निकटता प्राप्त कर लेते हैं वरना कहाँ एक अपवित्र कुत्ता और कहाँ श्रेष्ठतम मानव!

5- यदि तुझे स्वर्ग और स्वर्गांगनाओं एवं महलों की इच्छा है तो खूब आराधना कर ताकि ऊँची से ऊँची जन्नत मिल सके!

6- यदि तुझे ईश्वर की तलाश है तो आध्यात्मवाद भी सीख ताकि तू सत्यमार्ग (सिरात मुस्तक़ीम) पर चलकर ईश्वर के मिलन तक पहुँच सके!

* मनुष्य सृष्टिकाल से अनंतकाल तक *

जब ईश्वर ने आत्माओं को बनाना चाहा तो कहाः हो जा (कुन), तो अगणित आत्माएँ बन गईं। ईश्वर के सामने और समीप आत्माएँ अवतारों की, फिर दूसरी पंक्ति में संतों की, फिर तीसरी पंक्ति में ईश्वर वादियों (मोमिनीन) की, फिर इनके पीछे साधारण मनुष्यों की, फिर दृष्टिसीमा से दूर पंक्ति में स्त्रियों की आत्माएँ बन गईं, फिर इनके पीछे पाशवात्मा (रूह हैवानी), फिर वानस्पतिकात्मा (रूह नबाती) और फिर ऐसी पारस्तरात्मा (रूह जमादी) जिनमें हिलने जुलने की शक्ति भी न थी, प्रकट हो गईं। ईश्वर के दायीं ओर फ़रिश्तों की और फिर इसके बाद स्वर्गांगनाओं की आत्माएँ थी, जो ईश्वर के चेहरे को न देख सकीं, यही कारण है कि फ़रिश्ते ईश्वर का दर्शन (दीदार) नहीं कर सके। फिर पीछे प्रकाशीय वैताल (नूरी मुवक्किलात) की आत्माएँ जो दुनिया में आकर अवतारों, संतों की सहायक हुईं। फिर बायीं ओर जिन्नात की आत्माएँ, फिर पीछे अधमीय वैताल (सिफ़ली मुवक्किलात), फिर दुष्टात्मा (ख़बीसों) की आत्माएँ जो दुनिया में आकर इब्लीस की सहायक हुईं। दायें, बायें और दृष्टिसीमा से दूर वाली आत्माएँ ईश्वर की कांति (जलवा) न देख सकीं। यही कारण है कि जिन्न, फ़रिश्ते और स्त्रियाँ ईश्वर से वार्तालापित हो सकते हैं परंतु दर्शन नहीं कर सकते। भूमंडल में एक आग का गोला था, आदेश हुआः ठंडा हो जा! फिर उसके टुकड़े अंतरिक्ष में बिखर गये। चंद्रमाँ, मंगलग्रह, बृहस्पति, यह दुनिया और सितारे सब इसी के टुकड़े हैं जबकि सूर्य वही शेषित गोला है। यह पृथ्वी राख ही राख बनी। पारस्तरात्माओं को नीचे भेजा गया जिनके द्वारा राख जम कर पत्थर हो गई। फिर वानस्पतिकात्माओं को भेजा गया जिसकी वजह से पत्थरों में वृक्ष भी उग आये। फिर पाशवात्माओं के द्वारा पशु प्रकट हुए। ईश्वर ने समस्त आत्माओं से यह भी पूछा थाः क्या मैं तुम्हारा रब्ब (ईश्वर) हूँ? सबने प्रतिज्ञा किया और नत्मस्तक (सिजदा) किया था अर्थात- पत्थरों और वृक्षों की आत्माओं ने भी नत्मस्तक किया था। [वल्नज्म वल्शज्र यसजुदान .... (सूरः रहमान अल्कुरान)]। फिर ईश्वर ने आत्माओं की परीक्षा के लिये कृत्रिम दुनिया, कृत्रिम आनंदाएँ बनाये और कहाः 'यदि कोई इनका अभिलाषी है तो प्राप्त कर ले'। अगणित आत्माएँ ईश्वर से मुख मोड़ कर दुनिया की ओर लपकीं और नरक उनके भाग्य में लिख दिया गया। फिर ईश्वर ने स्वर्ग का दृश्य दिखाया जो प्रथम स्थिति से बेहतर और आज्ञा पालन एवं आराधना वाला था। बहुत सी आत्माएँ उधर लपकीं उनके भाग्य में स्वर्ग लिख दिया गया। बहुत सी आत्माएँ कोई निर्णय न कर पाईं। इन्हें फिर रहमान और शैतान के मध्य कर दिया। वही आत्माएँ दुनिया में आ कर बीच में फँस गईं, फिर जिसके हाथ लग गईं (उस ही की हो गईं)। बहुत सी आत्माएँ ईश्वर की कांति को देखती रहीं, न दुनिया की और न ही स्वर्ग की अभिलाषा, ईश्वर को उनसे प्रेम और उन्हें ईश्वर से प्रेम हो गया। उन्हीं आत्माओं ने दुनिया में आकर ईश्वर के लिये दुनिया को छोड़ा और जंगलों में बसेरा किया। आत्माओं की आवश्यकता और दिल लगी के लिये अट्ठारह हज़ार प्रकार के प्राणि वर्ग (मख़लूक़), छः हज़ार जल में, छः हज़ार थल में और छः हज़ार वायुईय और आकाशीय पैदा की गई। फिर ईश्वर ने सात प्रकार के स्वर्ग और सात प्रकार के नरक बनाये।

स्वर्गों के नाम	नरकों के नाम
1- ख़ुल्द	1- सक़र
2- दारूस्सलाम	2- सईर
3- दारूलक़रार	3- नता
4- अ़दन	4- हुतमा
5- अल्मावा	5- जहीम
6- नईम	6- जहन्नम
7- फ़िरदौस	7- ह़ाविया

ऊपर लिखित समस्त नाम सुर्यानी भाषा के हैं। वह भाषा जिसमें ईश्वर, फ़रिश्तों से वार्तालापित होता है। समस्त धर्मों की श्रद्धा (विश्वास) है कि जिसे ईश्वर चाहे नरक में और जिसे चाहे स्वर्ग में भेज दे। यदि वहीं से जिस आत्मा को नरक में भेजा जाता तो वह आपत्ति करती कि मैंने कौन सा अपराध किया था? ईश्वर कहताः तूने मेरी ओर से मुख मोड़ कर दुनिया की इच्छा करी थी, आत्मा कहतीः वह तो मात्र अज्ञान में स्वीकृति थी, कर्म तो नहीं किया था! फिर उस तर्क वितर्क को पूर्ण करने के लिये आत्माओं को नीचे इस दुनिया में भेजा। आदम जिन्हें शंकर जी भी कहते हैं स्वर्ग की मिट्टी से उनका शरीर बनाया गया। फिर मनुष्यात्मा के अतिरिक्त कुछ और प्राणीवर्ग भी उसमें डाल दिये गये। जब शंकर जी का शरीर बनाया जा रहा था तो शैतान ने ईर्ष्या से थूका था, जो नाभि के स्थान गिरा और उस थूक के कीटाणु भी उस शरीर में सम्मिलित हो गये। शैतान जिन्नात क़ौम से है।

एक हदीस में है कि जब मनुष्य जन्मता है तो उसके साथ एक शैतान जिन्न भी जन्मता है, शरीर तो मात्र मिट्टी का मकान था जिसके अंदर सोलह प्राणीवर्गों को बंद कर दिया, जबकि ख़न्नास और चार पक्षी और भी हैं। शंकर जी की बायीं पसली से स्त्री के रूप में अंतर्वस्तु निकला। उसमें आत्मा डाल दी गई जो माई हव्वा (पार्वती) बन गई। बाद में स्वर्ग से निकाल कर शंकर जी को श्रीलंका और पार्वती को जिद्दा में उतारा गया। जिनके द्वारा एशियाइयों के जन्म का क्रम आरंभ हो गया, और आकाश से शेष आत्माएँ भी क्रम बद्ध आना आरंभ हो गईं। आत्माओं की शिक्षा एवं दीक्षा और श्रेणी के लिये धर्मों के रूप में पाठशालायें स्थापित हुईं और सृष्टिकाल-दिवस के भाग्यानुसार कोई किसी धर्म में और कोई बिना धर्म ही रहीं। ईश्वर की प्रिय आत्माएँ भी इस दुनिया में आईं कोई मुस्लिम के घर कोई हिंदुओं, कोई सिक्खों और कोई ईसाईयों के घरों में पैदा हो गईं और अपने धर्म के द्वारा ईश्वर को पाने का प्रयत्न करने लगीं यही कारण है कि प्रत्येक धर्म के विशेषों ने विरक्ति जीवन (रहबानियत) धारण किया, कुछ लोग कहते हैं कि इस्लाम में रहबानियत नहीं है यह अक़ीदा ग़लत है। मुहम्मद स० भी हिरा गुफा में जाया करते थे। शेख़ अब्दुल क़ादिर जीलानी, ख़्वाजा मुईनुद्दीन अजमेरी, दाता अली हिजवेरी, बरी इमाम, बाबा फ़रीद, शहबाज़ क़लंदर आदि ने भी रहबानियत के बाद ही इतने उच्च स्थान प्राप्त किये और इन ही के द्वारा धर्म का प्रचार हुआ।

* * * * * *

* दुनिया में मनुष्य की नींव *

पेट में मानव वीर्य (नुतफ़ा) के बाद रक्त को एकत्र करने के लिए पारस्तरात्मा आती है, फिर वानस्पतिकात्मा द्वारा शिशु पेट में बढ़ता है। चार महीने के बाद पाशवात्मा शरीर में प्रवेश की जाती है जिसके द्वारा शिशु पेट में गति करता है, इनको जीवात्मा (अरज़ी अरवाह) कहते हैं। फिर जन्म के बाद मानवात्मा दूसरे प्राणि वर्गों के साथ आती है इनको आकाशीयात्मा (समावी अरवाह) कहते हैं। यदि शिशु जन्म से थोड़ी देर पहले ही पेट में मर जाये तो उसका क्रिया-क्रम (जनाज़ा) नहीं होता कि वह पशु था। जन्म के थोड़ी देर बाद मर जाये तो उसका क्रिया-क्रम अनिवार्य है कि वह मानवात्मा के आगमन के कारण मनुष्य बन गया था, और नाभि आत्मा (नफ़्स) ने भी नाभि स्थान पर अपने साथियों के साथ डेरा लगा लिया था। यदि उसमें पारस्तरात्मा शक्तिशाली है तो वह पहाड़ों में रहना पसंद करता है। वानस्पतिकात्मा के कारण मनुष्य फूलों और वृक्षों से लगाव रखता है। पाशवात्मा के आधिपत्य से पशुओं से प्रेम और पशुओं जैसे कार्य करता है। जबकि नाभि आत्मा की मुखाकृति कुत्ते की तरह होती है उसके आधिपत्य से कुत्तों जैसे कार्य और कुत्तों से प्रेम करता है। और हृदयजाग्रुक्ता से मनुष्य फ़रिश्तों की तरह बन जाता है। मनुष्य के मरने के बाद आकाशीयात्मा आकाशों को लौट जाती हैं जो एक ही शरीर के लिए विशिष्ट हैं, जीवात्माएँ नाभि आत्माओं के साथ इसी दुनिया में रह जाती हैं। जीवात्माएँ एक से दूसरे, फिर तीसरे शरीर में स्थानांतरित होती रहती हैं क्योंकि इनका (मृत्योपरांत) कर्मफल दिवस से कोई संबंध नहीं परंतु पवित्र नाभि आत्मा क़ब्रों में रहकर लोगों को आध्यात्मिक लाभ पहुँचाते और स्वयं भी आराधना करते रहते हैं जैसा कि ईश्वर-मिलनरात्रि में मुहम्मद स० मूसा की क़ब्र से गुज़रे तो देखा मूसा अपनी क़ब्र में आराधना कर रहे हैं जब आकाशों पर पहुँचे तो देखा मूसा वहाँ भी उपस्थित हैं। दुराचारी लोगों के शक्तिशाली नाभिआत्मा अपने बचाव के लिए शैतानों के टोले से मिल जाते हैं और लोगों के शरीर में प्रवेश होकर लोगों को हानि पहुँचाते हैं इनको पिशाच (बदरूह) कहते हैं। इंजील में है कि ईशु मसीह बदरूहें निकाला करते थे। जीवात्माएँ और नाभिआत्माएँ इसी दुनिया में, मानवात्मा इल्लीनजगत् या सिज्जीन में और शक्तियाँ (लताइफ़) यदि शक्तिशाली हैं तो वह भी इल्लीन में, वरना क़ब्र में ही नष्ट हो जाते हैं। नाभिआत्मा के कारण मनुष्य अपवित्र हुआ।

सकथन बुल्हे शाह : इस नफ़्स पलीत ने पलीत कीता.... असाँ मुंढों पलीत न सी

नाभिआत्मा को पवित्र करने के लिये पुस्तकें उतरीं, अवतार, संत आये कहीं इसको नरक से डराया गया, कहीं स्वर्ग का लोभ दिया गया। कठिन तपस्या, आराधना और उपवासों द्वारा इसे सुधारने का प्रयत्न किया गया और स्वर्ग के अधिकारी भी हो गये। और बहुत से लोगों ने आंतरात्मिक ज्ञान द्वारा इसे पवित्र भी कर लिया और ईश्वर के मित्र बन गये।

* नाभि आत्मा का वर्णन *

यह शैतानी कीटाणु है। नाभि में इसका ठिकाना है। समस्त अवतारों संतों ने इसकी धृष्टिता से श्रण माँगी, इसका भोजन फासफोरस और दुर्गन्ध है, जो हड्डियों, कोयले और गोबर में भी होता है प्रत्येक धर्म ने संभोग के बाद स्नान पर बल दिया है। क्योंकि मैथुनक्रिया की दुर्गन्ध रोमछिद्रों से भी निकलती है। दुर्गन्ध प्रकार के पेय और दुर्गन्ध प्रकार के पशुओं के मांस को भी वर्जित किया है। सृष्टिकाल दिवस में ईश्वर के सामने वाली समस्त आत्माएँ, पारस्तरात्मा तक, एक दूसरे से घुल मिल और संयुक्त हो गईं। पारस्तरात्मा के कारण मनुष्य ने पत्थरों के घर बनाये और वानस्पतिकात्मा के

कारण वृक्षों की लकड़ियों से छत बनाये। वृक्षों की छाया से भी लाभान्वित हुए, वृक्षों ने इनको साफ सुथरी ऑक्सीजन पहुँचाई। पीछे वाली पाशवात्माएँ जो दुनिया में आकर पशु बन गये, समस्त मनुष्यों के लिए भक्ष्य कर दिये गये। बायीं ओर जिन्नात और अधमीय वैताल बने फिर उनसे पीछे की ओर ख़बीस आत्माएँ जो अंत में ईश्वर की शत्रु हुईं। और वह पाशव, वानस्पतिक और पारस्तरात्माएँ जो ख़बीसों के पीछे प्रकट हुईं थीं उन्होंने मनुष्यों से शत्रुता करी, उनकी पारस्तरात्मा के दुनिया में आने से राख कोयला बनी, जिसकी गैस मनुष्यों के लिये हानिकारक थी। उनकी वानस्पतिकात्मा से भयंकर और कॉटेदार प्रकार के वृक्ष अस्तित्व में आये और उनकी पाशवात्मा से नर भक्षी और हिंसक प्रकार के पशु जन्मे और उनसे संबंधित पक्षी भी उन ही की मानव शत्रुता के स्वभाव के कारण अभक्ष्य ठहराये गये। जिनकी पहचान यह है कि वह पंजे से पकड़ कर आहार खाते हैं। दायीं ओर वाली आत्माओं को मनुष्य का सेवक, संदेश वाहक और सहायक बना दिया और मनुष्य को सबसे अधिक विद्वता प्रदान करके अपना प्रतिनिधि नियुक्त कर दिया। अब मनुष्य की इच्छा, परिश्रम और भाग्य है कि प्रतिनिधित्व स्वीकार करे या ठुकरा दे। नाभिआत्मा स्वप्न में शरीर से बाहर निकल जाता है और उस व्यक्ति की मुखाकृति में जिन्नात की शैतानी सभाओं में घूमता है। नफ़्स के साथ दैत्य (ख़न्नास) भी होता है जिसकी मुखाकृति हाथी की तरह होती है और यह नाभिकॅवल और हृदयकॅवल के मध्य बैठ जाता है, मनुष्य को पथभ्रष्ठ करने के लिये नाभिआत्मा की सहायता करता है। इसके अतिरिक्त चार पक्षी भी मनुष्य को पथभ्रष्ठ करने के लिये चारों शक्तियों के साथ चिमट जाते हैं, जैसा कि हृदयकॅवल के साथ मुर्ग़ा, जिसके कारण हृदय पर वासना का आधिपत्य रहता है, हृदय के जाप से वह मुर्ग़ा, आहत पक्षी (मुर्ग़ बिस्मिल) बन जाता है और हराम व हलाल की समझ का ज्ञान पैदा कर देता है। फिर उस हृदय को शिष्ट हृदय (क़ल्ब सलीम) कहते हैं। सिर्री के साथ कव्वा, कव्वे की वजह से लोभ, और ख़फ़ी के साथ मोर, मोर की वजह से ईर्ष्या, और अख़फ़ा के साथ कबूतर, कबूतर की वजह से कृपणता आ जाती है और उनकी प्रकृतियॉ शक्तियों को लोभ एवं ईर्ष्या पर विवश कर देती हैं जबतक शक्तियॉ प्रकाशमान् न हो जायें। इब्राहीम के शरीर से इन ही चार पक्षियों को निकाल कर, पवित्र कर के पुनः शरीर में डाला गया था। मृत्योपरांत पवित्र लोगों के यह पक्षियॉ वृक्षों पर बसेरा बना लेते हैं। बहुत से लोग जंगलों में कुछ दिन रह कर पक्षियों जैसी बोली निकालते हैं, और यह पक्षियॉ उनसे घुलमिल जाते हैं और उनके छोटे मोटे उपचारों में सहायक बन जाते हैं।

* एक महत्वपूर्ण बिंदु *

''नाभि आत्मा (नफ़्स) का संबंध शैतान से है''

''वक्षस्थल के पॉचों शक्तियों (लताइफ़) का संबंध पॉचों श्रेष्ठ अवतारों से है।''

''मस्तिष्क कॅवल (अन्ना) का संबंध ईश्वर से है''

''इसी प्रकार इस शरीर का संबंध पूर्ण दक्ष धर्मगुरू से है''

''और जो भी प्राणिवर्ग (मख़लूक़) जिस सांबंध्य से रिक्त है वह उसके प्रलाभ से वंचित और नग्न है''

* हृदय कँवल *

मांस के लोथड़े को उर्दू में दिल और अरबी में फ़वाद बोलते हैं और उस प्राणिवर्ग को जो दिल के साथ है, हृदयकँवल (क़ल्ब) बोलते हैं। इसका अवतारत्व और ज्ञान शंकरजी (आदम) को मिला था। हदीस में है कि दिल और हृदयकँवल में अंतर है। इस दुनिया को मर्त्यलोक (नासूत) बोलते हैं। इसके अतिरिक्त और लोक भी हैं, अर्थात- मलकूत, अंकबूत, जबरूत, लाहूत, वहदत और अहदियत। यह स्थान मर्त्यलोक में गोला फटने से पूर्व थे और इनके प्राणिवर्गें भी पहले से उपस्थित थे। फ़रिश्ते आत्माओं के साथ बने। परंतु मलाइका और लताइफ़ पहले ही से इन स्थानों पर उपस्थित थे बाद में मर्त्यलोक में भी कई ग्रहों पर दुनिया आबाद हुई। कोई मिट गये और कोई प्रतीक्षक हैं। यह प्राणिवर्ग अर्थात- लताइफ़ और मलाइका आत्माओं के ईश्वराज्ञा (अम्र कुन) से 70 हज़ार वर्ष पूर्व बनाये गये थे और उनमें से हृदयकँवल को प्रेमस्थान में रखा गया और इसी के द्वारा मनुष्य का संपर्क ईश्वर से जुड़ जाता है। ईश्वर और उपासक के मध्य यह टेलीफून आप्रेटर की पात्रता रखता है। मनुष्य पर तर्क एवं आकाश वाणियाँ इसी के माध्यम आते हैं। जबकि लताइफ़ की आराधनाएँ भी इसी के माध्यम सर्वोच्च आकाश पर पहुँचती हैं परंतु यह प्राणिवर्ग स्वयं मलकूत से आगे नहीं जा सकती, इसका स्थान ख़ुल्द है। इसकी आराधना भी अंदर और माला भी मनुष्य के ढाँचे में है। इसकी आराधना के बिना वाले स्वर्गीय भी पश्चात्ताप करेंगे क्योंकि ईश्वर ने कहा कि ''क्या इन लोगोंने समझ रखा है कि हम इनको सदाचारियों के बराबर कर देंगे?'' क्योंकि हृदयकँवल वाले स्वर्ग में भी ईश्वर ईश्वर करते रहेंगे। शारीरिक आराधना मृत्योपरांत समाप्त हो जाती है जिनके हृदयकँवल और लताइफ़ ईश्वर के प्रकाश से शक्तिशाली नहीं वह क़ब्रों में ही श्रांत दशा में रहेंगे या नष्ट हो जायेंगे जबकि प्रकाशमान् और शक्तिशाली लताइफ़ इल्लीनस्थान में चले जायेंगे। (मृत्योपरांत) कर्मफल दिवस के बाद जब दूसरे शरीर दिये जायेंगे तो फिर यह लताइफ़ भी मानवात्मा के साथ दर्शन वाले अमर संतों के शरीर में प्रवेश होंगे। जिन्होंने इनको दुनिया में ईश्वर ईश्वर सिखाया था वहाँ भी ईश्वर ईश्वर करते रहेंगे और वहाँ जाकर भी उनके पद बढ़ते रहेंगे। और जो इधर दिल के अंधे थे वह उधर भी अंधे ही रहेंगे। क्योंकि कर्मभूमि यह दुनिया थी और वह एक ही स्थान स्थिर हो जायेंगे। ईसाईयों, यहूदियों के अतिरिक्त हिंदू धर्म भी इन प्राणिवर्गों का वक्ता है। हिंदू इन्हें शक्तियाँ और मुसलमान इन्हें लताइफ़ कहते हैं। हृदयकँवल दिल के बायीं ओर दो इंच के दूरी पर होता है इस प्राणिवर्ग का रंग नारंजी है। इसकी जाग्रुक्ता से मनुष्य नारंजी प्रकाश अपनी आँखों में अनुभूत करता है। बल्कि कई तांत्रिक महाशय इन शक्तियों के रंगों से लोगों का उपचार भी करते हैं। प्रायः लोग अपने दिल की बात सत्यतम् मानते हैं। यदि वास्तव में दिल सच्चे हैं तो सब दिल वाले एक क्यों नहीं? साधारण मनुष्य का हृदय सनोबरी होता है जिसमें कोई सुध बुध नहीं होती, नाभि आत्मा और दैत्य के अधिकार या अपने सीधेपन के कारण ग़लत निर्णय भी दे सकता है। सनोबरी हृदय पर विश्वास मूर्खता है। जब इस दिल में ईश्वर का जाप आरंभ हो जाता है फिर इसमें अच्छाई बुराई की तमीज़ और समझ आ जाती है इसे शिष्ट हृदय (क़ल्ब सलीम) कहते हैं, फिर जाप की अधिक्ता से इसका झुकाव ईश्वर की ओर मुड़ जाता है इसे उन्मुख हृदय (क़ल्ब मुनीब) कहते हैं, यह दिल बुराई से रोक सकता है मगर यह उचित निर्णय नहीं कर सकता, फिर जब ईश्वर की झलकियाँ (तजल्लियात) इस दिल पर गिरना आरंभ हो जाती हैं तो उसे हुतात्मा हृदय (क़ल्ब शहीद) कहते हैं। हदीसः टूटे हुए दिल और टूटी हुई क़ब्र पर ईश्वर की दया पड़ती है उस समय जो दिल कहे चुप करके मान ले क्योंकि तजल्ली से नाभिआत्मा भी संतुष्टित हो जाती है और ईश्वर रज्जु बद्ध (हब्लिल वरीद) हो जाता है फिर ईश्वर कहता है कि मैं उसकी जिह्वा बन जाता हँ जिससे वह बोलता है, उसके हाथ बन जाता हूँ जिससे वह पकड़ता है।

* मानवात्मा *

(इसकी अवतारत्व और ज्ञान इब्राहीम को मिला था)

यह दायें स्तन के समीप होती है। जाप की टक्करों और अनुध्यान से इसको भी जगाया जाता है। फिर इधर भी एक धड़कन प्रकट हो जाती है। इसके साथ (जाप) याअल्लाह मिलाया जाता है। फिर मनुष्य के अंदर दो बन्दे जाप करना आरंभ कर देते हैं और उसका पद हृदयकँवल वाले से बढ़ जाता है। आत्मा का रंग लाल जैसा होता है और इसकी जाग्रुक्ता से जबरूत तक (जो जिब्राईल का स्थान है) पहुँच हो जाती है। क्रोध एवं प्रकोप उसके पड़ोसी होते हैं जो जलकर जलाल (प्रताप) बन जाते हैं।

* सिर्री शक्ति *

(इसकी अवतारत्व और ज्ञान मूसा को मिला था)

यह प्राणिवर्ग वक्षस्थल के मध्य से बायें स्तन के बीच होती है। इसको भी याहय्यो याक़य्यूम की टक्करों और अनुध्यान से जगाया जाता है। इसका रंग सफेद है। स्वप्न या ध्यानमग्नता में लाहूत तक पहुँच रखती है, अब तीन प्राणिवर्ग जाप कर रहे हैं और उसका स्थान उन दो से बढ़ गया।

* ख़फ़ी शक्ति *

(इसकी अवतारत्व और ज्ञान ईसा को मिला था)

यह वक्षस्थल के मध्य से दायें स्तन के बीच होती है इसे भी टक्करों द्वारा यावाहिद सिखाया जाता है। इसका रंग हरा है और इसकी पहुँच वहदतस्थान से है, और अब चार बंदों की आराधना से स्थान और बढ़ गया।

* अख़फ़ा शक्ति *

(इसकी अवतारत्व और ज्ञान मुहम्मद स० को मिला था)

यह प्राणिवर्ग वक्षस्थल के मध्य है। याअहद् का जाप इसके लिये माध्यम है इसका रंग जामुनी है इसका संबंध भी वहदतस्थान के उस पर्दे से है जिसके पीछे ईश्वर का सिंहासन है।

पाँचों शक्तियों का आंतरात्मिक ज्ञान भी पाँचों अवतारों को क्रमवार प्राप्त हुआ और प्रत्येक शक्ति का आधा ज्ञान अवतारों से संतों तक पहुँचा। इस प्रकार उसके भी दस भाग बन गये फिर संतों से विशेष (लोग) इस ज्ञान से लाभान्वित हुए। जबकि वाह्य ज्ञान, वाह्य शरीर, वाह्य भाषा, मर्त्यलोक और नाभि आत्माओं से संबंध रखता है। यह साधारण लोगों के लिये है और इसका ज्ञान वाह्य पुस्तक में है जिसके (३०) भाग हैं। आंतरिक ज्ञान भी अवतारों पर वह्यि (ईश्वर संदेश जो अवतारों पर उतरे) के माध्यम उतरा, इस वजह से इसे भी आंतरिक कुरान बोलते हैं। कुरान की बहुत सी पंक्तियाँ बाद में निरस्त की जातीं, उसकी वजह यही थी कि कभी कभी सीने का ज्ञान भी मुहम्मद की जुबान से साधारण में निकल जाता जो कि विशेष के लिये था, बाद में यह ज्ञान सीना ब सीना संतों में चलता रहा और अब पुस्तकों द्वारा सर्व साधारण कर दिया गया।

* अन्ना शक्ति *

यह प्राणिवर्ग मस्तिष्क में होता है। रंग हीन है। ''याहू'' का जाप इसकी सोपान (मेराज) है और यही प्राणिवर्ग शक्तिशाली हो कर ईश्वर के सामने बे पर्दा वार्तालापित हो जाती है। यह आशिक़ों का स्थान है इसके अतिरिक्त कुछ विशेषों को ईश्वर की ओर से और अन्य प्राणिवर्गें भी प्रदान हो जाती है, जैसे ''तिफ़्ल-ए-नूरी'' या ''जुस्सा तौफ़ीक़-ए-इलाही'' फिर इनका पद समझ से परे है।

अन्ना शक्ति द्वारा ईश्वर दर्शन स्वप्न में होता है
जुस्सा तौफ़ीक़-ए-इलाही द्वारा ईश्वर का दर्शन ध्यान मग्नता में होता है
और तिफ़्ल नूरी वालों का दर्शन होशो हवास में होता है

यही फिर दुनिया में ईश्वरीय शक्ति (क़ुद्रतुल्लाह) कहलाते हैं, चाहे किसी को आराधना एवं तपस्या, और चाहे किसी को नज़रों से ही महमूदस्थान तक पहुँचा दें, इनकी नज़रों में: क्या मुस्लिम क्या काफिर.....क्या ज़िन्दा क्या मुर्दा, सब बराबर होते हैं जैसा कि ग़ौस पाक की एक नज़र से चोर क़ुतुब बन गया। या अबू बकर हवारी या मंगा डाकू भी इन लोगों की नज़रों से पीर बन गये।

पाँचों श्रेष्ठ अवतारों को क्रमवार अलग अलग शक्तियों का ज्ञान दिया गया जिसकी वजह से आध्यात्मवाद में उन्नति होती गयी। जिस जिस शक्ति का जाप करेगा उनसे संबंधित श्रेष्ठ अवतार से संबंध और आध्यात्मिक लाभ का अधिकारी हो जायेगा। और जिस शक्ति पर ईश्वरीय चमक (तजल्ली) पड़ेगी उसकी संतत्व (विलायत) उस अवतार के पदचिन्ह पर होगी। सात आकाशों में पहुँच और सात स्वर्गों में स्थानों की प्राप्ति भी इन ही शक्तियों से होती है।

* मानव शरीर में इन शक्तियों की ड्यूटियाँ *

अख़फ़ा शक्तिः

इसके द्वारा मनुष्य बोलता है वरना जिह्वा ठीक होने के बावजूद वह गूँगा है। मनुष्यों और पशुओं में अंतर इन शक्तियों का है। जन्म के समय यदि अख़फ़ा किसी वजह से शरीर में प्रवेश न हो सके तो इसे शरीर में मंगवाना किसी संबंधित अवतार की ड्यूटी थी, फिर गूँगे बोलना आरंभ हो जाते थे।

सिर्री शक्तिः

इसके द्वारा मनुष्य देखता है। इसके शरीर में न आने से जन्मजात अंधा है इसको वापस लाना भी किसी संबंधित अवतार की ड्यूटी थी जिससे अंधे भी देखना आरंभ हो जाते थे।

हृदयकँवलः

इसके शरीर में न होने के कारण मनुष्य बिल्कुल पशुओं की तरह ईश्वर से अनभिज्ञ और दूर, रूचिहीन, आनंदहीन हो जाता है, इसको वापस दिलवाना भी अवतारों का काम था। और उन अवतारों के प्रत्यक्ष चमत्कारें (मोज्ज़ात) परोक्ष चमत्कार (करामत) की सूरत में संतों को भी प्रदान हुए, जिसके द्वारा व्यभिचारी एवं दुराचारी भी ईश्वर तक पहुँच गये। किसी भी संत या अवतार के माध्यम जब किसी संबंधित शक्ति को वापस किया जाता है तो गूँगे बहरे और अंधे भी स्वस्थ हो जाते हैं।

अन्ना शक्तिः

इसके शरीर में न आने से मनुष्य पागल कहलाता है निःसंदेह मस्तिष्क की सब धमनियाँ काम कर रहीं हों।

ख़फ़ी शक्तिः

इसके न आने से मनुष्य बहरा है, चाहे कान के छिद्र खोल दिये जायें। शारीरिक त्रुटियों से भी यह परिस्थितियाँ जन्म ले सकती हैं जो चिकित्सायोग्य हैं, परंतु प्राणिवर्गों के सिरे से ही न होने का कोई उपचार नहीं जबतक किसी अवतार या संत का सहयोग प्राप्त न हो।

नफ़्स शक्तिः

इसके द्वारा मनुष्य का दिल दुनिया में, और हृदयकँवल के द्वारा मनुष्य का झुकाव ईश्वर की ओर मुड़ जाता है।

* शब्द ''अल्लाह'' *

सुर्यानी भाषा जो आकाशों पर बोली जाती है फरिश्ते और ईश्वर इसी भाषा से संबोध्य होते हैं। स्वर्ग में शंकरजी भी यही भाषा बोलते थे। फिर जब शंकरजी और पार्वती दुनिया में आये अरबिस्तान में आबाद हुए। उनकी संतान भी यही भाषा बोलती थी, फिर संतानों के दुनिया में विस्तार के कारण यह भाषा अरबी फ़ारसी, लातीनी से निकलती हुई अंग्रेज़ी तक जा पहुँची, और ईश्वर को विभिन्न भाषाओं में अलग अलग पुकारा जाने लगा। शंकर के अरब में रहने के कारण सुर्यानी के बहुत से शब्द अब भी अरबी भाषा में मौजूद हैं जैसा कि आदम (शंकरजी) को आदम सफ़ीउल्लाह के नाम से पुकारा था। किसी को नूह नबीउल्लाह, किसी को इब्राहीम ख़लीलुल्लाह, फिर मूसा कलीमुल्लाह, ईसा रूहुल्लाह और मुहम्मद रसूलुल्लाह पुकारा गया। यह सब धर्ममंत्र सुर्यानी भाषा में ग्रंथमाता (लौह महफ़ूज़) पर इन अवतारों के आने से पूर्व ही लिखे थे, तब ही मुहम्मद स० ने कहा था कि मैं इस दुनिया में आने से पूर्व भी अवतार था।

कुछ लोगों का विचार है कि शब्द अल्लाह मुसलमानों का रखा हुआ नाम है, मगर ऐसा नहीं है

ह० मुहम्मद रसूलुल्लाह के पिता का नाम अब्दुल्लाह था जबकि उस समय इस्लाम नहीं था और इस्लाम से पूर्व भी प्रत्येक अवतार के धर्ममंत्र के साथ अल्लाह पुकारा गया। जब आत्माएँ बनाईं गयीं तो उनकी ज़ुबान पर प्रथम शब्द ''अल्लाह'' ही था और फिर जब आत्मा शंकरजी के शरीर में प्रवेश हुई तो याअल्लाह पढ़कर ही प्रवेश हुई थी। बहुत से धर्म इस रहस्य को परम सत्य समझ कर अल्लाह के नाम का जाप करते हैं और बहुत से संदेह के कारण से इससे वंचित हैं। जो भी नाम ईश्वर की ओर संकेत करता है आदरणीय है, अर्थात ईश्वर की ओर मुख कर देता है। मगर नामों के प्रभाव से विविध हो गये। वर्णक्रम और वर्ण अनुकरण के हिसाब से प्रत्येक शब्द की संख्या भिन्न होती है। यह भी एक आकाशीय विद्या है और इन संख्याओं का संबंध समस्त प्राणिवर्ग से है कभी कभी यह संख्याएँ नक्षत्र के हिसाब से आपस में अनुकूलता नहीं रखते जिसकी वजह से मनुष्य व्याकुल रहता है। बहुत से लोग इस विद्या के अभ्यस्तों से नक्षत्रों के हिसाब से जन्म कुंडली बनवाकर नाम रखते हैं जैसा कि अबजद (अ ब ज द) (1234) की दस संख्या बनती है। इसी प्रकार प्रत्येक नाम की भिन्न संख्याएँ होती हैं। जब ईश्वर के विभिन्न नाम रख दिये गये तो अबजद के हिसाब से प्ररस्पर टकराव का कारण बन गये। यदि सब एक ही नाम से ईश्वर को पुकारते तो धर्म अलग अलग होने के बावजूद अंदर से एक ही होते। फिर नानक साहिब और बाबा फ़रीद की तरह यही कहते :

सब आत्माएँ ईश्वर के प्रकाश से बनी हैं, परंतु उनका माहौल और उनके मुहल्ले भिन्न हैं।

जिन फ़रिश्तों की दुनिया में ड्यूटी लगाई जाती है उन्हें दुनिया वालों की भाषाएँ भी सिखाई जाती हैं। उम्मतियों के लिये आवश्यक है कि अपने अवतार का धर्ममंत्र जो अवतार के ज़माने में उम्मत की पहचान, आध्यात्मिक लाभ और पवित्रता के लिये ईश्वर की ओर से प्रदान हुआ था, उसी प्रकार उसी भाषा में धर्ममंत्र का उच्चारण (जाप) किया करे। किसी को किसी भी धर्म में आने के लिये यह धर्ममंत्र शर्त हैं। जिस प्रकार विवाह के समय ज़ुबानी स्वीकृति शर्त है स्वर्गों में प्रवेश के लिये भी यह धर्ममंत्र शर्त कर दिये गये। परंतु पश्चिमी देशों में अधिक्तर मुस्लिम और ईसाई अपने धर्म के धर्ममंत्रों यहाँ तक कि अपने अवतार के असली नाम से अनभिज्ञ हैं। ज़ुबानी धर्ममंत्रों वाले सद्कर्मों के मुहताज, धर्ममंत्र न पढ़ने वाले स्वर्ग से बाहर, और जिनके दिलों में भी धर्ममंत्र उतर गया था वही बिना हिसाब के स्वर्ग में जायेंगे। आकाशीय पुस्तकें जो जिस भी भाषा में असली हैं वह ईश्वर तक पहुँचाने का माध्यम हैं परंतु जब इनकी पंक्तियों और अनुवादों में मिलावट कर दी गई, जिस प्रकार मिलावट युक्त आटा पेट के लिये हानिकारक है इसी प्रकार मिलावट युक्त पुस्तकें धर्म में हानि बन गयी हैं और एक ही धर्म, अवतार वाले कितने वर्गों में विभाजित हो गये। सत्य एवं सीधे मार्ग के लिये बेहतर है कि तुम नूर से भी अनुदेश पा जाओ।

* ईश्वरीय प्रकाश (नूर) बनाने की विधि *

प्राचीनकाल में पत्थरों की रगड़ से अग्नि प्राप्त की जाती थी जबकि लोहे की रगड़ से भी चिंगारी उठती है। जल से जल टकराया तो बिजली बन गई। इसी प्रकार मनुष्य के अंदर रक्त के टकराव अर्थात दिल की टिक टिक से भी बिजली बनती है। प्रत्येक मनुष्य के शरीर में लगभग डेढ़ वाल्ट बिजली उपस्थित है। जिसके माध्यम उसमें फुरती होती है। वृद्धावस्था में टिक टिक की गति मंद होने के कारण बिजली में भी और स्फूर्ति में भी कमी आ जाती है। सर्व प्रथम दिल की धड़कनों को उभारना पड़ता है। कोई डांस द्वारा, कोई कबड्डी या व्यायाम द्वारा, और कोई अल्लाह अल्लाह की टक्करों द्वारा यह क्रिया करते हैं। जब दिल की धड़कनों में तेज़ी आ जाती है फिर प्रत्येक धड़कन के साथ अल्लाह अल्लाह, या एक के साथ अल्लाह और दूसरी के साथ ''हू'' मिलायें। कभी कभी दिल पर हाथ रखें, धड़कनें अनुभूत हों तो अल्लाह मिलायें। कभी कभी नाड़ी की गति के साथ अल्लाह मिलायें। अनुध्यान करें कि अल्लाह दिल में जा रहा है। अल्लाहू का जाप उत्तम और तीव्र प्रभावी है। यदि किसी को ''हू'' पर आपत्ति या भय हो तो वह वंचितता के स्थाने धड़कनों के साथ अल्लाह अल्लाह ही मिलाते रहें। नित्य कर्म एवं जाप और भजन क्रिया (विर्द वज़ाइफ़ और ज़कूरियत) वाले लोग जितना भी पाक साफ रहें उनके लिये बेहतर है, कि

बे अदब..... बे मुराद.....बा अदब..... बा मुराद

प्रथम विधिः

काग़ज़ पर काली पेंसिल से अल्लाह लिखें, जितनी देर मन साथ दे प्रतिदिन अभ्यास करें। एक दिन शब्द अल्लाह काग़ज़ से ऑखों में तैरना आरंभ हो जायेगा फिर ऑखों से अनुध्यान द्वारा दिल पर उतारने का प्रयत्न करें।

द्वितीय विधिः

ज़ीरो के सफेद बल्ब पर पीले रंग से ''अल्लाह'' लिखें, उसे सोने से पूर्व या जागते समय ऑखों में समोने का प्रयत्न करें। जब ऑखों में आ जाये तो फिर उस शब्द को दिल पर उतारें।

तृतीय विधिः

यह विधि उन लोगों के लिये है जिनके मार्गदर्शक पूर्ण दक्ष हैं और संबंध एवं लगाव के कारण आध्यात्मिक सहायता करते हैं। एकांत में बैठ कर तर्जनी (शहादत की उंगली) को लेखनी ध्यान करें और अनुध्यान से दिल पर अल्लाह लिखने का प्रयत्न करें। मार्गदर्शक को पुकारें कि वह भी तुम्हारी उंगली को पकड़कर तुम्हारे दिल पर अल्लाह लिख रहा है। यह अभ्यास प्रतिदिन करें जबतक दिल पर अल्लाह लिखा नज़र न आये। पूर्व विधियों में अल्लाह वैसे ही अंकित होता है जैसा कि बाहर लिखा या देखा जाता है। फिर जब धड़कनों से अल्लाह मिलना आरंभ हो जाता है तो फिर धीरे धीरे चमकना आरंभ हो जाता है। चूँकि इस विधि में पूर्ण दक्ष मार्गदर्शक का साथ होता है इस लिये आरंभ से ही सुंदर लिपि और चमकता हुआ दिल पर अल्लाह लिखा नज़र आता है। दुनिया में कई अवतार संत आये, जाप के मध्य परीक्षावश बारी बारी, यदि उचित समझें तो सबका अनुध्यान करें जिसके अनुध्यान से जाप में तीव्रता और प्रोन्नति नज़र आये आप का भाग्य उसी के पास है फिर अनुध्यान के लिये उसी को चुन लें क्योंकि प्रत्येक संत का चरण किसी न किसी अवतार के चरण पर होता है, निःसंदेह अवतार प्रत्यक्ष जीवन में न हो! और प्रत्येक ईश्वरवादी (मोमिन) का भाग्य किसी न किसी संत के पास होता है। संत का प्रत्यक्ष जीवन शर्त है। परंतु कभी कभी किसी को भाग्य से किसी परोक्ष जीवन (ममात) वाले पूर्ण अस्तित्व (कामिल ज़ात) से भी मलकूती लाभ हो जाता है परंतु ऐसा बहुत ही सीमित है। परंतु परोक्ष जीवन वाले दरबारों से दुनियावी लाभ पहुँचा सकते हैं। इसे अवैसी लाभ (फ़ैज़) कहते हैं और यह लोग प्रायः दैवज्ञान (कशफ़) और स्वप्न में उलझ जाते हैं क्योंकि मुर्शिद भी आंतरिक में और इब्लीस भी आंतरिक में, दोनों की पहचान कठिन हो जाती है। आध्यात्मिक लाभ के साथ ज्ञान भी आवश्यक होता है जिसके लिये ज़ाहिरी मुर्शिद अधिक उचित है। यदि आध्यात्मिक लाभ है! विद्या नहीं! तो उसे आकृष्ट संत (मज्ज़ूब) कहते हैं। आध्यात्मिक लाभ भी है, विद्या भी है उसे प्रियतम कहते हैं। प्रियतम विद्या के माध्यम लोगों को दुनियावी लाभ के अतिरिक्त आध्यात्मिक लाभ भी पहुँचाते हैं जबकि आकृष्ट संत डंडों और गालियों से दुनियावी लाभ पहुँचाते हैं।

यदि कोई भी आपके अनुध्यान में आकर, आपकी सहायता न करे तो फिर "गोहर शाही" ही को आज़माकर देखें

धर्म की शर्त नहीं! परंतु सृष्टिकालीनीय अभागा न हो। बहुत से लोगों को चंद्रमॉ से भी नामदान (ज़िक्र) प्रदान हो जाता है। उसकी विधि यह हैः जब पूर्ण चंद्रमॉ पूर्व दिशा की ओर हो, ध्यानपूर्वक देखें, जब गोहर शाही का चेहरा नज़र आ जाये तो तीन बार 'अल्लाह' 'अल्लाह' 'अल्लाह' कहें, अनुमति हो गई। फिर निर्भय एवं निडर लिखित विधि से अभ्यास आरंभ करदें। अटल विश्वास जानिये! चंद्रमॉ वाली सूरत बहुत से लोगों से प्रत्येक भाषा में बातचीत भी कर चुकी है। आप भी देखकर बातचीत की कोशिश करें।

* ध्यान मग्नता के संबंध में *

बहुत से लोग आत्माओं (लताइफ़, शक्तियों) की जाग्रुक्ता और आध्यात्मिक शक्ति सीखे बिना ध्यान मग्नता करने की कोशिश करते हैं। इनका या तो ध्यान मग्नता लगता ही नहीं या शैतानी घटनाएँ आरंभ हो जाती हैं। ध्यान मग्नता अत्यंत लोगों का काम है जिनके नफ़्स पवित्र और हृदयकॅवल स्वच्छ हो चुके हों। साधारण लोगों का ध्यान मग्नता नादानी है चाहे किसी भी वाह्य आराधना से क्यों न हो! आत्माओं की शक्ति को प्रकाश से एकत्र करके किसी स्थान पर पहुँच जाने का नाम ध्यान मग्नता है। संतत्व अवतारत्व का चालीसवॉ भाग है : अवतार का प्रत्येक स्वप्न, ध्यान मग्नता या देव वाणी वह्रिय (ईश्वर संदेश जो अवतारों पर उतरे) सही होता है इसे पुष्टि की आवश्यक्ता नहीं। परंतु संत के सौ (100) में से चालीस (40) स्वप्न ध्यान मग्नताएँ या देव वाणियॉ सही और शेष ग़लत होते हैं और इनकी पुष्टि के लिये आंतरात्मिक विद्या की आवश्यक्ता है किः

बे इल्म नतवॉ ख़ुदारा शनाख़्त (बिना विद्या ईश्वर की पहचान नहीं होती)

सबसे निम्न ध्यान मग्नता हृदयकॅवल की जाग्रुक्ता के बाद लगता है जो कि हृदयभजन (ज़िक्र क़ल्ब) के बिना असंभव है। एक झटके से मनुष्य होश-ओ-हवास में आ जाता है। पूर्वाभाषों (इस्तख़ारे) का संबंध भी हृदयकॅवल से है। इससे आगे आत्मा द्वारा ध्यान मग्नता लगता है। तीन झटकों से वापसी होती है। तीसरा ध्यान मग्नता अन्ना शक्ति और आत्मा से इकट्ठा लगता है। आत्मा भी जबरूत तक साथ जाती है जैसा कि जिब्राईल मुहम्मद स० के साथ जबरूत तक गये थे। ऐसे लोगों को क़ब्र में भी दफ़ना आते हैं मगर उन्हें पता नहीं होता ऐसा ध्यान मग्नता असहाब-ए-कहफ़ (कहफ़ नामी गुफा में सोए हुए सज्जन पुरूषों) को लगा था जो तीन सौ (300) वर्ष से अधिक समय गुफा में सोते रहे। ऐसा ध्यान मग्नता जब ग़ौस पाक को जंगल में लगता तो वहॉ के निवासी डाकू, आपको मृतक समझकर क़ब्र में दफ़नाने के लिये ले जाते थे परंतु दफ़नाने से पूर्व ही वह ध्यान मग्नता टूट जाता।

ईश्वर की ओर से विशेष आकाशवाणी और वह्रिय की पहचानः

जब मनुष्य वक्षस्थल के प्राणिवर्गों को जाग्रुक और प्रकाशमान् करके ईश्वरीय झलकियों के योग्य हो जाता है तो उस समय ईश्वर उससे वार्तालापित होता है। यूँ तो वह नितांत शक्तिमान् है किसी भी माध्यम मनुष्य से संबोध्य हो सकता है परंतु उसने अपनी पहचान के लिये एक विशेष विधि बनाई हुई है ताकि उसके मित्र शैतान के धोके से बच सकें। सबसे पहले सुर्यानी भाषा में लेख ईश्वर प्राप्ति कर्ता (सालिक) के दिल पर आता है और उसका अनुवाद भी उसी भाषा में नज़र आता है जिसका वह ज्ञानी है। वह लेख श्वेत और चमकदार होता है और ऑखें स्वतः ही बंद होकर उसे देखती हैं। फिर वह लेख हृदय से होता हुआ सिर्री शक्ति की ओर आता है। जिसकी वजह से अधिक चमकना आरंभ हो जाता है। फिर वह लेख अख़फ़ा शक्ति की ओर आता है, अख़फ़ा से और चमक प्राप्त करके जिह्वा पर चला जाता है और जिह्वा निःसंकोच वह लेख पढ़ना आरंभ कर देती है। यदि यह अंतर्नाद (इल्हाम) शैतान की ओर से हो तो प्रकाशमान् हृदय उस लेख को मद्धिम कर देता है, यदि लेख बलवान् है तो सिर्री शक्ति या अख़फ़ा उस लेख को समाप्त कर देती हैं। मान लिया यदि शक्तियों की निर्बलता के कारण वह लेख जिह्वा पर पहुँच भी जाये तो जिह्वा उसे बोलने से रोक लेती है। यह इल्हाम विशेष संतों के लिये होता है जबकि साधारण संतों को ईश्वर फ़रिश्तों या आत्माओं के माध्यम संदेश पहुँचाता है। और जब विशेष आकाशवाणी के लेख के साथ जिब्राईल भी आ जायें तो उसे वह्रिय कहते हैं जो मात्र अवतारों के लिये विशिष्ट है।

* स्वर्ग किन लोगों के लिये है *

कुछ सृष्टिकालीन नारकीय भी कर्मों एवं आराधनाओं द्वारा स्वर्गीय बनने की कोशिश करते हैं परंतु अंत में शैतान की तरह बहिष्कृत हो जाते हैं, क्यों कि कृपणता, घमण्ड, ईर्ष्या इनका उत्तराधिकार है।

हदीस: जिसमें कण भर भी कृपणता और ईर्ष्या घमण्ड है वह स्वर्ग में नहीं जा सकता।

स्वर्गीय लोग यदि आराधना में न भी हों तो पहचाने जाते है, यह लोग दिल के नरम और स्वच्छ, और लोभ एवं ईर्ष्या से पवित्र और दानशील होते हैं यदि आराधनाओं में लग जायें तो बहुत उँच्च स्थान प्राप्त कर लेते हैं। और ईश्वर इन ही की मुक्ति के बहाने बनाता है और कुछ लोग मध्य वाले होते हैं इनका नेकी बदी का परवाना चलता है। और कुछ ईश्वर के प्रमुख होते हैं। इन ही आत्माओं ने सृष्टिकाल में ईश्वर से प्रेम किया था। इन्हें स्वर्ग नरक से अभिप्राय नहीं बल्कि ईश्वर के इश्क़ में तन मन धन लुटा देते हैं। ईश्वर के जाप और कृपा से अपनी आत्माओं को चमका लेते हैं, सर्व श्रेष्ठ स्वर्ग (जन्नतुल फ़िर्दौस) मात्र इन ही आत्मओं के लिये विशिष्ट है। और इन ही के लिये हदीस है किः कुछ लोग बिना हिसाब के स्वर्ग में जायेंगे।

''व्याख्या''

जिनको दुनिया का नज़ारा दिखाया ''दुनिया इनके'' भाग्य में लिख दी। इन्होंने नीचे दुनिया में आकर दुनिया प्राप्त करने के लिये जान की बाज़ी लगा दी। चोरी, डाका, घूस, व्याज जैसे अपराधों को भी नज़र अंदाज़ कर दिया यहाँ तक कि अद्वेतिता का भी इनकार कर दिया। इनमें से कुछ आत्मायें थीं जिन्होंने स्वर्ग प्राप्त करने के लिये धर्म या आराधना भी धारण की परंतु शैतान की तरह व्यर्थ प्रमाणित हुईं क्योंकि कोई धृष्ट, या ईश्वर का अप्रिय धर्म या वर्ग इनके मार्ग में रूकावट बन गया। दूसरी आत्माओं जिन्होंने स्वर्गेच्छा करी थी उन्होंने दुनियावी कामों के साथ साथ आराधना एवं कठिन तपस्या को सर्व प्रथम अधिमान दिया, स्वर्गांगनाओं एवं महलों के लोभ में पूजालयों की ओर दौड़ लगाई और स्वर्ग प्राप्त करने में सफल हो गये, परंतु इनमें से कुछ लोग आराधना में आलसी रहे चूँकि स्वर्ग इनके भाग्य में था इसलिये कोई बहाना इनके काम आ गया परंतु वह स्वर्ग का वह स्थान प्राप्त न कर सके जो सदाचारियों ने प्राप्त किया। इन ही के लिये ईश्वर ने कहाः ''क्या इन लोगों ने समझ रखा है, हम इनको सदाचारियों के बराबर कर देंगे!'' क्योंकि स्वर्ग के सात (7) स्थान हैं। साधारण लोगों को अनुदेश (हिदायत) अवतारों, ग्रंथों, गरूओं (संतों), वलियों द्वारा होती है। इन्हें उस धर्म में प्रवेश और धर्ममंत्र (कलिमा) आवश्यक है और प्रमुख (चहेते) बिना ग्रंथों के भी ईश्वर की कृपादृष्टि (नज़र-ए-रहमत) में आ जाते हैं। अर्थात- इनको अनुदेश ईश्वरीय प्रकाश (नूर) से होता है।

ईश्वर जिन्हें चाहता है नूर से हिदायत देता है। (कुरान)

कहते हैं कि स्वर्ग में प्रवेश के लिये धर्ममंत्र आवश्यक है। स्वर्ग में इन शरीरों को नहीं आत्माओं को जाना है और प्रवेश के समय पढ़ना है तो फिर ये आत्मायें दर्शनस्थान (मुक़ाम-ए-दीद) में जाकर किसी भी समय धर्ममंत्र पढ़ लेंगी। मरने के बाद ही सही जैसे मुहम्मद सल० के माता, पिता और चचा की आत्माओं को मृत्युपरान्त ही धर्ममंत्र पढ़ाया गया था। बल्कि अत्यंत प्रमुख आत्मायें ऊपर से ही धर्ममंत्र पढ़कर अर्थात- स्वीकार एवं पुष्टि करके ही आती हैं। ह० मुहम्मद ने कहा था कि ''मैं दुनिया में आने से पहले भी अवतार था।'' ये शब्द आत्मा के ही आत्माओं के लिये हो सकते हैं शरीर तो इस दुनिया में मिला, वंश (क़ौमें) हों तब सरदार होते हैं! अनुयाई (उम्मती) हों तब अवतार होते हैं वरना इनका क्या काम? फिर इन ही लोगों को विभिन्न धर्मों में भेजा जाता है, कोई बाबा फ़रीद के रूप में और कोई गुरू नानक के रूप में प्रकट होते हैं। ईश्वर को पाने वाली आत्मायें धर्म नहीं देखतीं बल्कि जिसकी ईश्वर से पहुँच देखती हैं उसके साथ लग जाती हैं। ग़ौस अली शाह जो एक महासन्त (वली) हुए हैं तज़करा-ए-ग़ौसिया में लिखा है कि मैंने हिन्दू योगियों से भी आध्यात्मिक लाभ (फ़ैज़) प्राप्त किया है। यह रहस्य (रम्ज़) न समझ कर मुस्लिम उलमा ने ग़ौस अली शाह पर वधयोग्य धर्माज्ञा (वाजिबुल क़त्ल के फ़तवे) भी लगाए और मुसलमानों को कहा किः जिसके भी घर में यह किताब हो उसे जला दिया जाये, परंतु वह पुस्तक बच बचाकर अभी भी हिन्दुस्तान, पाकिस्तान में उपस्थित और लोकप्रिय है।

कुछ मानव जातियों (क़ौमों) ने अवतारों को स्वीकार किया और कुछ ने अवतारों को झुटलाया, झुटलाने वाली मानव जातियों में भी ईश्वर ने उन ही के धर्मानुसार उन लोगों को भेजा और उन्होंने उनको गुनाहों से बचाने की शिक्षा दी और उन ही की आराधनाओं और रीति एवं रिवाज के माध्यम उनका मुख ईश्वर की ओर मोड़ने की कोशिश की। शांति और ईश्वरप्रेम का पाठ दिया। यदि यह लोग न होते तो आज प्रत्येक धर्म एक दूसरे के लिये ख़ूँख़्वार ही बन जाता, ऐसी आत्माओं को दुनिया में विष्णु महाराज से भी मार्गदर्शन मिलता है जो प्रत्येक धर्म का भेद जानते हैं।

इन्द्रियनिग्रह (तक़्वा) किन लोगों के लिये है?

ज्ञान द्वारा विश्वास (इल्मुलयक़ीन):- यह लोग सांसारिक होते हैं। श्रवणस्थान (मुक़ाम-ए-शुनीद) होता है। ज्ञान द्वारा विश्वास रखते हैं। इनका ईमान (श्रद्धा) सुनी-सुनाई बातों पर होता है। भटक भी जाते हैं। इन्हें इन्द्रियनिग्रह से नहीं बल्कि परिश्रम से मिलता है। चाहे भक्ष्यजीविका से कमायें या अभक्ष्य (हराम) से!
नेत्र द्वारा विश्वास (ऐनुलयक़ीन):- यह लोग संसार-मुक्त (तारकुददुनिया) कहलाते हुए भी सांसारिक लोगों के साथ ही रहते हैं परन्तु इनका मुख और हृदय ईश्वर की ओर होता है। इनको प्रायः दिव्य दृश्य (रहमानी नज़ारे) भी दिखाये जाते रहते हैं। इनका स्थान दर्शन होता है। इन्हें भी उचित परिश्रम से मिलता है। अनुचित से इन्हें हानि होती है।
परम सत्य विश्वास (हक़्क़ुलयक़ीन):- इनका स्थान समर्पितता (मुक़ाम-ए-रसीद) होता है। अर्थात- ईश्वर की ओर से कोई पद मिल जाता है और ईश्वर की कृपा दृष्टि में आ जाते हैं। इन्हें संसार निवृत्त (फ़ारिगुददुनिया) कहते हैं। संसार में रहकर भी उचित या अनुचित धंदे से दूर रहते हैं। यह यदि जंगलों में भी बैठ जायें तो ईश्वर इन्हें वहाँ भी जीविका पहुँचाता है। ये इन्द्रियनिग्रहों की मंज़िल है। प्राथमिक लोग इन्द्रियनिग्रहों की बात अवश्य करते हैं किन्तु इसमें सफल नहीं होते।

* भाग्य *

भाग्य दो प्रकार का होता है,

1- सृष्टिकालीन (अज़ल).....और.....2- लंबित (मुअ़ल्लक़)।

कुछ लोग कहते हैं कि जब भाग्य में जीविका लिख दिया तो उसके लिये घूमना फिरना क्या?
मख़दूम जहानियाँ ने कहा कि जीविका प्राप्त करने के लिये घूमना फिरना भी भाग्य में लिख दिया।

उदाहरणार्थ- जैसे कि आप के लिये फूलों का गुलदस्ता छत पर रख दिया गया है। ''यह सृष्टिकालीन भाग्य है''। इसे प्राप्त करने के लिये आपको सीढ़ियों द्वारा छत पर पहुँचना है। ''यह लंबित भाग्य है'' जो आपके वश में है और इसी लंबित का हिसाब-किताब होगा, न कि सृष्टिकालीन भाग्य का! आप छत पर पहुँचेंगे और अपना भाग्य प्राप्त कर लेंगे। यदि आपने सुस्ती की और छत तक न पहुँचे तो उससे वंचित हो जायेंगे। दूसरा व्यक्ति जिसके भाग्य में छत पर गुलदस्ता नहीं है वह यदि सीढ़ियों द्वारा या कठोर परिश्रम से भी छत पर पहुँच जाये तो वह वंचित ही है।

तृतीय आत्माएँ:- जिन्होंने न दुनिया की इच्छा की और न ही स्वर्ग की इच्छुक हुईं। केवल ईश्वरीय आभा (नज़ारे) को देखती रहीं। उन्होंने संसार में आकर ईश्वर की तलाश के लिये अपना सबकुछ न्योछावर कर दिया। कई साम्राज्यों को भी छोड़कर उसको पाने के लिये भूखे प्यासे जंगलों में रहते यहाँ तक कि किसी ने नदियों में भी कितने वर्ष बैठकर व्यतीत किये, सफलता के बाद यही साधु, संत (वलीयुल्लाह) कहलाये और ईश्वर की ओर से विभिन्न पदों और विभिन्न ड्युटियों पर नियुक्त हुए और नारकियों के लिये भी दवा और दुआ बन गये, कि-

इक़बाल------ निगाह-ए-मर्द मोमिन से बदल जाती हैं तक़दीरें

इस लिये जीवात्मा (अरज़ी अरवाह) के प्रत्येक जन्म में मुर्शिद ''गुरू'' का देखा हुआ (चश्मदीद) होना अनिवार्य है। पूर्वजन्म या वंशकाल के आध्यात्मिक गुरू वर्तमान शरीर से निर्लिप्त (मुबर्रा) हो जाते हैं। जैसा कि अवतारत्व (नबूवत) भी उत्साहशील प्रेष्य (उलुलअ़ज़्म मुर्सल) के आगमनोपरान्त निर्लिप्त हो जाती है। जैसा कि मूसा कलीमुल्लाह उलुलअज़्म थे। मूसा कलीमुल्लाह के बाद ''जितने भी अवतार आये'' ईसा रूहुल्लाह (ईशु मसीह) के आने के बाद उनका धर्म भी विलीन (कलअ़दम) कर दिया गया। और ईसा

रूहुल्लाह से मुहम्मद स० तक जितने भी अवतार अरब भू-खण्ड के अतिरिक्त आये वह ह० मुहम्मद स० के आने पर सब विलीन कर दिये गये। परन्तु उत्साहशील प्रेष्य (उलुलअ़ज़्म) के धर्म का सिलसिला जारी रहा और आजतक जारी है। जिसमें आदम सफ़ीउल्लाह (शंकर जी), इब्राहीम ख़लीलुल्लाह, मूसा कलीमुल्लाह, ईसा रूहुल्लाह और मुहम्मद रसूलुल्लाह हैं और हर वली (संत) इनके पद्चिन्ह पर है। क्योंकि मनुष्य के अंदर वक्षस्थल की पाँचों शक्तियों (लताइफ़) का संबंध पाँचों श्रेष्ठ अवतारों से है इस कारण से उनकी अवतारत्व और आध्यात्मिक लाभ प्रलय तक रहेगा। यह जो कहते हैं कि बिना धर्ममंत्र पढ़े कोई स्वर्ग में नहीं जायेगा। इसका तात्पर्य किसी एक अवतार का धर्ममंत्र नहीं है। बल्कि किसी भी उलुलअ़ज़्म नबी के धर्म और धर्ममंत्र की ओर संकेत है। तब ही मुहम्मद स० ने फरमाया भी था कि मैं उन उत्साहशील प्रेष्य (उलुलअ़ज़्म मुर्सल) के ग्रंथों या धर्म को झुटलाने के लिये नहीं आया बल्कि शुद्धिकरण के लिये आया हूँ। अर्थात- पवित्र पुस्तकों में जो परिवर्तन हो गया था।

शंकर जी (आदम सफ़ीउल्लाह) का सिलसिला अब भी जारी है जो लोग मात्र हृदयभजन में हैं ईश्वर के नाम पर गिड़गिड़ाते और विनम्रता रखते हैं, तौबा करते और गुनाहों से बचने की कोशिश करते हैं यही प्रारंभिक धर्म, प्रारंभिक अवतारत्व और प्रारंभिक आराधना थी। ग़ौस या हर वली (संत) का क़दम किसी अवतार के क़दम पर होता है और इनका क़दम आदम सफ़ीउल्लाह (शंकर जी) के क़दम पर है। मुजद्दिद अल्फ़ सानी ने कहा था कि मेरा क़दम मूसवी है। जबकि क़लंदरों का एक सिलसिला ईस्वी है। शेख़ अब्दुलक़ादिर जीलानी मुहम्मदी मशरब (पंथ) से संबंध रखते हैं।

* सोच तो ज़रा तू किस आदम की संतान में से है? *

कुछ अंतरनादीय (इल्हामी) पुस्तकों में लिखा है कि इस संसार में चौदह हज़ार आदम आ चुके हैं और किसी ने कहा है कि आदम सफ़ीउल्लाह (शंकर जी) चौदहवाँ और अंतिम आदम हैं। इस संसार में वास्तव में अनेकों आदम हुए हैं। जब आदम सफ़ीउल्लाह (शंकर जी) को मिट्टी से बनाया जा रहा था तो फ़रिशतों ने कहा था कि यह भी दुनिया में जाकर दंगा फ़साद करेगा। अर्थात- फ़रिशते पहले वाले आदमों की परिस्थतियों से अवगत थे वरना उन्हें क्या पता कि ईश्वर क्या बना रहा है और यह जाकर क्या करेगा? ग्रंथमाता (लौह महफ़ूज़) में विभिन्न भाषाएँ, विभिन्न धर्ममंत्र, विभिन्न जंत्र मंत्र, विभिन्न ईश्वर के नाम, विभिन्न पवित्र पंक्तियाँ (आयतें) यहाँ तक कि जादू का अमल (विधि) भी लिखित है जोकि हारूत मारूत दो फ़रिशतों ने लोगों को सिखाया था और दंड स्वरूप वह दोनों फ़रिश्ते मिस्र के एक शहर बाबुल के कुएँ में उलटे लटके हुए हैं।

प्रत्येक आदम को कोई भाषा सिखाई फिर उनकी क़ौम में अवतारों को अनुदेश के लिये भेजा। तब ही कहते हैं कि संसार में सवा लाख अवतार आये, जबकि आदम सफ़ीउल्लाह (शंकर जी) को आये हुए छः हज़ार वर्ष हुए हैं। यदि प्रति वर्ष एक अवतार आता तो छः हज़ार ही होते। कुछ समय बाद इन क़ौमों को इनकी आज्ञोलंघन के कारण नष्ट किया। जैसा कि भग्नावशेष शहरों का बाद में मिलना और वहाँ की लिखी हुई भाषाओं को किसी का भी न समझना। और किसी क़ौम को जल द्वारा डुबाकर नष्ट किया। और इनमें से नूह तूफ़ान की तरह कुछ व्यक्ति उन भू-खण्डों में बच भी गये। अन्त में शंकर जी को उन सबसे श्रेष्ठ बनाकर अरब में भेजा गया और बड़े-बड़े अवतार भी इस आदम सफ़ीउल्लाह (शंकर जी) की संतान से जन्में। विभिन्न आदमों की विभिन्न भाषाएँ उनकी बची हुई क़ौमों में रहीं, जब अंतिम आदम (शंकर जी) आये तो उनको सुरयानी भाषा सिखाई गई। जब शंकर जी की संतानों ने दूर-दूर तक की यात्राएँ की तो पहले वाली क़ौमों से भी मुलाक़ात हुई, और किसी ने अच्छी जगह या हरियाली देखकर उनके साथ ही रहना आरंभ कर दिया। अरब में सुरयानी ही बोली जाती थी। फिर यह क़ौमों के मेल-जोल से अरबी, फारसी, लातीनी, संस्कृति आदि से होती हुई अंग्रेज़ी से जा मिली। विभिन्न द्वीपों में विभिन्न आदमों की संतान निवासित थी। इनमें से एक ख़ानाबदोश भी आदम था जिसकी संतान आज भी उपस्थित है और जिसके द्वारा विभिन्न क़ौमें ढूँढने पर मिलीं। समुद्र पार की द्वीपों वाली क़ौमें परस्पर अनभिज्ञ थीं। इतनी दूर समुद्री यात्रा न तो घोड़े से किया जा सकता था और न ही चप्पू वाली नावें पहुँचा सकती थीं। कोलंबस मशीनी समुंद्री जहाज़ बनाने में सफल हुआ जिसके द्वारा वह प्रथम व्यक्ति था जो अमरीका के क्षेत्र को पहुँचा। किनारे पर लोगों को देखा जो लाल वर्ण थे उसने समझा और कहा संभवतः इण्डिया आ गया है और वह इण्डियन हैं। तब ही उस क़ौम को रेड इण्डियन Red Indian कहते हैं जो उत्तरी डकोटा (NorthDakota) की सत्ता

में अब भी उपस्थित हैं। रेड इण्डियन के एक क़बीले के सरदार से पूछा कि आपका शंकर (आदम) कौन है? उसने उत्तर दिया कि हमारे धर्मानुसार हमारा आदम एशिया में है जिसकी पत्नी का नाम हव्वा है परन्तु हमारे इतिहासानुसार हमारा आदम दक्षिणी डकोटा South Dakota की एक पहाड़ी से आया था। उस पहाड़ी की निशानदेही अब भी उपस्थित है। लोग कहते हैं कि अंग्रेज़ और अमरीकन ठंडे मौसम के कारण गोरे हैं परंतु ऐसा नहीं है। किसी काले शंकर (आदम) की नस्ल भी इन क्षेत्रों में प्राचीनतम् उपस्थित है वह आजतक गोरे न हो सके यही कारण है कि मनुष्यों के रंग, वेश-भूषा, स्वभाव, बुद्धि, भाषाएँ, खुराक (भोजन) परस्पर भिन्न हैं। शंकर जी (आदम सफ़ीउल्लाह) की संतानों का सिलसिला मध्य एशिया तक ही रहा। यही कारण है कि मध्येशिया वालों के हुलिये परस्पर मिलते हैं। कहते हैं कि शंकर जी श्रीलंका में उतरे, फिर वहाँ से अरब पहुँचे और इसके बाद आप अरब में ही रहे और अरब की धरती में ही आपकी समाधि उपस्थित है तो फिर श्रीलंका में आपके उतरने और पद्चिन्हों को किसने चिन्हित किया? जो अभी तक सुरक्षित है। इसका तात्पर्य आपसे पहले ही वहाँ कोई क़बीला आबाद था। जो क़ौमें समाप्त कर दी गई हैं उनपर अवतारत्व और संतत्व भी समाप्त हो गयी और बचे खुचे लोग उन महापुरूषों से वंचित होकर कुछ समय बाद भटक गये। ज्यों-ज्यों ये क्षेत्र मिलते गये एशिया से वली (साधु-संत, ऋषिगण) पहुँचते गये और अपने-अपने धर्मों की शिक्षा देते रहे और आज सभी क्षेत्रों में एशियाई धर्म फैल गया। ईसा (Jesus Christ) यूरोशलम, मूसा बैतुलमुक़द्दस, हज़ूर पाक मुहम्मद स० मक्का, जबकि नूह और इब्राहीम का संबंध भी अरब से ही था।

कुछ जातियाँ प्रकोपों से नष्ट हुईं, कुछ की शक्लें रीछ, बंदरों की तरह हुईं। कुछ शेष लोग भयभीत होकर ईश्वर की ओर झुके और कुछ ईश्वर को प्रकोपक समझकर उससे विमुख हो गये और उसके किसी भी प्रकार की आज्ञा की अवहेलना की और कहने लगे कि ''ईश्वर आदि कुछ भी नहीं, मनुष्य एक कीड़ा है, नरक एवं स्वर्ग बनी बनाई बातें हैं''। मूसा के ज़माने में भी जो क़ौम बंदर बन गई थी उन्होंने यूरोप की राह ली थी। उस समय की गर्भवती माताओं ने बाद में बंदरिया रूप में होने पर भी मनुष्यरूप को जन्म दिया था। वह क़ौम अब भी उपस्थित है, वह स्वयं कहते हैं कि हम बंदर की संतान में से हैं। जो क़ौम रीछ के रूप में परिवर्तित हुई थी उन्होंने अफ़्रीका के जंगलों की ओर प्रस्थान किया था। उस समय की गर्भवती माताओं के पेट में तो मानवशिशु थे जिनके द्वारा बाद में नस्ल चली (**मम**) कहते हैं। शरीर पर लंबे-लंबे बाल होते हैं। मादाएँ अधिक होती हैं। इंसानों को उठाकर ले भी जाती हैं। इन पर धर्मरंग नहीं चढ़ता लेकिन मानव प्रवृत्त के कारण गुप्तॉगों को पत्तों द्वारा छुपाया हुआ होता है।

किसी और आदम को किसी ग़लती के कारण एक हज़ार वर्ष का दंड मिला था उसे सर्परूप में परिवर्तित कर दिया गया था। अब उसकी बची हुई क़ौम जो एक विशेष प्रकार के सर्परूप में है। जन्म के हज़ार वर्ष बाद मनुष्य भी बन जाती है। इसे **रोहा** कहते हैं। इतिहास में है कि एक दिन सम्राट सिकन्दर शिकार के लिये किसी जंगल से गुज़रा, देखा कि एक सुंदर स्त्री रो रही है। पूछने पर उसने बताया कि मैं चीन की राजकुमारी हूँ अपने पति के साथ शिकार को निकले थे लेकिन पति को शेर खागया, मैं अब अकेली रह गई हूँ। सिकन्दर ने कहा ''मेरे साथ आओ! मैं तुम्हें वापस चीन भेजवा दूँगा'', स्त्री ने कहा ''पति तो मर गया, मैं अब वापस जाकर क्या मुँह दिखाउंगी''। सिकन्दर उसे घर ले आया और उससे शादी कर ली। कुछ महीनों बाद सिकन्दर के पेट में पीड़ा आरंभ हो गयी। हर प्रकार का उपचार कराया मगर कोई आराम न हुआ। पीड़ा बढ़ती गई। वैद्य थक हार गये। एक सपेरा भी सिकन्दर के उपचार के लिये आया। उसने सिकन्दर को अकेले में बुलाकर कहा ''मैं आपका उपचार कर सकता हूँ , किन्तु मेरी कुछ शर्तें हैं, यदि थोड़े ही दिनों में मेरे उपचार से निवारण न हुआ तो निःसंदेह मुझे क़त्ल करा देना, आजकी रात खिचड़ी पकवाओ, नमक थोड़ा अधिक हो, दोनों पति-पत्नी पेट भरकर खाओ, कमरे को अंदर से ताला लगाओ कि दोनों में से कोई बाहर न जा सके, तुमको सोना नहीं, परंतु पत्नी को ऐसा लगे कि तुम सो रहे हो, पानी की बूँद भी अंदर न हो''। सिकन्दर ने ऐसा ही किया। रात के किसी समय पत्नी को प्यास लगी, देखा जलपात्र खाली है, फिर दरवाज़ा खोलने का प्रयत्न किया, देखा कि ताला है, फिर पति को देखा, अनुभूत हुआ कि निश्चिन्त सो रहा है, फिर सर्पणी बनकर नाली के छिद्र से बाहर निकल गई। पानी पीकर फिर सर्पणी के रूप में प्रवेश होकर स्त्री बन गई। महान सिकन्दर यह समस्त दृश्य देख रहा था। प्रातः सपेरे को सबकुछ बताया, उसने कहा ''तेरी पत्नी नागिन है जो हज़ार वर्ष बाद रूप बदलता है, उसका विष उदरपीड़ा का कारण बना''।

फिर उस स्त्री को भ्रमण के बहाने समुद्र में लेगये और जिस स्थान फेंका वह चिन्ह अब भी पर्याप्त है। इसे भित्त सिकन्दरी कहते हैं। इनकी नस्ल भी इस संसार में उपस्थित है। साधारण साँपों के कान नहीं होते परन्तु इस नस्ल वाले साँप के कान होते हैं। पता नहीं किस आदम का क़बीला चीन के पहाड़ों में बंद है। उनके इस क्षेत्र में प्रवेश को रोकने के लिये ज़ुलक़र्नैन ने पत्थरों की दीवार बना दी थी। इनके लंबे-लंबे कान हैं, एक को बिछा लेते हैं और दूसरे को ओढ़ लेते है, इन्हें याजूज माजूज कहते हैं। वैज्ञानिकों ने अधिक्तर भू-भाग ढूँढ लिये हैं परंतु अभी भी अधिक्तर क्षेत्र ढूँढने बाक़ी हैं। हिमालय के पीछे भी बर्फानी मानव उपस्थित हैं। बहुत से मनुष्य जंगलों में भी उपस्थित हैं उनकी भाषा उनके अतिरिक्त कोई नहीं जानता। वह भी अपने आदम के तरीक़े पर आराधना करते हैं और जीवन विधान के लिये उनका भी सरदारी व्यवस्था विद्यमान है। इन महाद्वीपों के अतिरिक्त और भी बड़ी धरतियाँ हैं। जैसा कि चंद्रमाँ, सूर्य, वृहस्पति, मंगल आदि, वहाँ भी शंकर (आदम) आये परंतु वहाँ प्रलय आ चुकी हैं। कहीं ऑक्सीजन को रोक कर और कहीं धरती को नष्ट-भ्रष्ट कर दिया गया।

* मंगल ग्रह (मरीख़ Mars) में मानव जीवन अभी भी विद्यमान् है जबकि सूर्य में भी आग्नेय प्राणीवर्ग आबाद है *

कहते हैं कि एक अंतरिक्ष यात्री जब चंद्रमाँ पर उतरा। उसने ऊपर के ग्रहों का अनवेषण करना चाहा तो उसे अज़ान की ध्वनि भी सुनाई दी जिससे वह प्रभावित होकर मुसलमान हो गया था। वह मंगलग्रह की दुनिया थी जहाँ हर धर्म के लोग रहते हैं। हमारे वैज्ञानिक अभी मंगल ग्रह पर पहुँच नहीं पाये जबकि वह लोग कई बार इस दुनिया में आ चुके हैं। और परिक्षण के लिये यहाँ के मनुष्यों को भी अपने साथ ले गये। उनका विज्ञान और आविष्कारें हमसे बहुत आगे हैं। हमारे उपग्रह या वैज्ञानिक यदि वहाँ पहुँच भी गये तो उनके चंगुल से छूट नहीं सकते।

एक शंकर (आदम) को ईश्वर ने बहुत ज्ञान दिया था और उसकी संतान ज्ञान द्वारा ईश्वरधाम (बैतुलमामूर) तक जा पहुँची थी। अर्थात- जो आदेश ईश्वर फरिश्तों को देता, नीचे वह सुन लेते थे। एक दिन फरिश्तों ने कहा ''हे ईश्वर! यह क़ौम हमारे कार्यों में हस्तक्षेपी बन गई है। हम जब कोई कार्य करने दुनिया में जाते हैं तो यह पहले ही उसका तोड़ कर चुके होते हैं''। ईश्वर ने जिब्राईल से कहा ''जाओ उनकी परीक्षा लो''! एक बारह वर्ष का बच्चा बकरियाँ चरा रहा था। जिब्राईल ने उससे पूछा : क्या तुम भी कोई ज्ञान रखते हो? उसने कहा पूछो! जिब्राईल ने कहाः बताओ इस समय जिब्राईल किधर है? उसने आँखें बन्द कीं और कहाः आकाशों पर नहीं है। फिर किधर है? उसने कहाः धरतियों पर भी नहीं है। जिब्राईल ने कहाः फिर किधर है? उसने आँखें खोल दीं और कहाः मैंने चौदह लोकों में देखा, वह कहीं भी नहीं है, या मैं जिब्राईल हूँ या तू जिब्राईल है। फिर ईश्वर ने फरिश्तों को कहाः इस क़ौम को बाढ़ द्वारा विलुप्त किया जाये। उन्होंने यह आदेश सुन लिया। लोहे और शीशे के मकान बनाना आरंभ कर दिये, फिर भूकंप द्वारा उस क़ौम को विलुप्त (ग़र्क़) किया गया। उस समय उस क्षेत्र को ''कालदा'' और अब ''यूनान'' बोलते हैं।

उन्होंने आध्यात्मिक ज्ञान द्वारा और अब हमारे वैज्ञानिक, विज्ञान विद्या द्वारा ईश्वर के कार्यों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। इन्हें डराने के लिये छोटी मोटी तबाही और सम्पूर्ण सर्वनाश के लिये एक ग्रह को धरती की ओर भेज दिया गया है। जिसका गिरना 20-25 वर्ष तक संभावित है और वह दुनिया का अंतिम दिन होगा। उसका एक टुकड़ा पिछले दो वर्षों में वृहस्पति ग्रह पर गिर चुका है। वैज्ञानिकों को भी इसका ज्ञान हो चुका है और यह उसके गिरने से पूर्व चन्द्रमाँ पर या किसी और ग्रह पर बसना चाहते हैं। जबकि चन्द्रमाँ पर प्लाटों की बुकिंग भी हो चुकी है। यह जानते हुए भी कि चन्द्रमाँ में मानव जीवन के लक्षण अर्थात- हवा, पानी और हरियाली नहीं है! फिर चेष्टा का अभिप्राय क्या है? रहा प्रश्न खोज का! चन्द्रमाँ, वृहस्पति पर पहुँच कर भी मानवता का क्या लाभ हुआ? क्या कोई ऐसी औषधि या औषधि विधि दीर्घायु अथवा मृत्यु से छुटकारे की मिली? यदि मंगलग्रह के प्राणियों तक पहुँच भी गये तो वहाँ की ऑक्सीजन और यहाँ की ऑक्सीजन के कारण एक-दूसरी जगह रहना कठिन है। बस व्यर्थ मुद्रा का विनाश किया जा रहा है यदि वही मुद्रा रूस और अमरीका ग़रीबों पर ख़र्च कर दे तो सब ख़ुशहाल हो जायें। मानव भिन्नता के कारण एक दूसरे को तबाह करने के लिये एटम बम भी बनाये जा रहे हैं जबकि बमों के बिना भी दुनिया का सर्वनाश ही होना है।

* आकाश पर आत्माएँ सीमा से अधिक बन गई थीं *

समीपस्थ (अतिप्रिय) आत्माएँ प्रथम पंक्तियों में थीं। साधारण आत्माओं को इस दुनिया में बनाये हुए आदमों की क़ौमों में भेजा। जो कोई काली, कोई श्वेत, कोई पीली और कोई लाल मिट्टी से बनाये गये थे। इन्हें जिब्राईल और हारूत मारूत द्वारा विद्या सिखाई गई। जब धरती पर मिट्टी से आदम बनाये जाते, ख़ब्बीस जिन्न भी अवसर पाकर उनके और उनकी संतानों के शरीरों में प्रविष्ट हो जाते और उन्हें अपनी शैतानी पकड़ में लेने का प्रयत्न करते। फिर उनकी क़ौम के अवतार, संत और उनकी सिखाई हुई विद्याएँ मुक्ति का कारण बनती। अगणित आदम जोड़ों के रूप में बनाये गये जिनसे संतानों का क्रम आरंभ हुआ। परंतु कई बार मात्र अकेली स्त्री को बनाया गया। और ईश्वराज्ञा ''अमर-ए-कुन'' से उसकी संतान हुई। वह क़ौमें भी इस दुनिया में उपस्थित हैं। इस क़बीले में केवल स्त्रीयाँ ही सरदार होती हैं और वह स्त्री की संतान होने के कारण ईश्वर को भी स्त्री समझते हैं और स्वयं को फरिश्तों (देवताओं) की संतान प्रकल्पना करते हैं, चूँकि उनके स्त्री आदम का विवाह 'या पुरूष के' बिना ही बच्चे हुए थे। यही प्रथा उनमें अब भी चली आ रही है। इन क़बीलों में पहले स्त्री के किसी से भी बच्चे हो जाते हैं और बाद में किसी से भी विवाह हो जाता है और वह इसको कलंकित नहीं समझते। आत्माओं की स्वीकृति, भाग्य और श्रेणियों के कारण उन ही जैसे आदम बनाकर उन ही जैसी आत्माओं को नीचे भेजा गया। यही कारण है कि उनके लिये कोई विशेष धर्म अनुक्रम नहीं किया गया। यदि इनमें अवतार आये भी तो बहुत कम ने उनको स्वीकार किया, बल्कि अवतारों की शिक्षा का उलट किया, ईश्वर के स्थाने चंद्रमाँ, नक्षत्रों, सूर्य, वृक्षों, अग्नि यहाँ तक कि साँपों को भी पूजना आरंभ कर दिया। अन्त में शंकर जी को स्वर्ग की मिट्टी से स्वर्ग में ही बनाया गया ताकि श्रेष्ठता और विद्वता में सबसे बढ़ जाये और ख़बीसों से भी सुरक्षित रहे, क्योंकि स्वर्ग में ख़बीसों की पहुँच नहीं थी, अज़ाज़ील (इब्लीस) अपने ज्ञान के कारण पहचान गया था, जो आराधना के कारण सब फरिश्तों का सरदार बन गया था और जिन्नातों की क़ौम से था, आदम के शरीर पर ईर्ष्या से थूका था और थूक द्वारा ख़बीसों जैसा कीटाणु उनके शरीर में प्रविष्ठ हुआ जिसे **नफ़्स** कहते हैं और वह भी शंकर (आदम) की संतानों के पैतृक संपत्ति (विर्सा) में आ गया। उसी के लिये मुहम्मद स० ने कहाः ''**जब मनुष्य जन्म लेता है तो एक शैतान जिन्न भी उसके साथ जन्मता है**''।

फरिश्तों और मलाइका में अन्तर है। मलकूत में फरिश्ते होते हैं जिनकी उत्पत्ति आत्माओं के साथ हुई। मलकूत से ऊपर जबरूत के प्राणी को मलाइका कहते हैं जो आत्माओं के ईश्वराज्ञा (अमर-ए-कुन) से पहले के हैं ईश्वर की ओर से शंकर जी को नत्मस्तक करने की आज्ञा हुई। जबकि इससे पहले न ही कोई आदम स्वर्ग में बनाया गया था और न ही किसी आदम को फरिश्तों ने नत्मस्तक (सिजदा) किया था। अज़ाज़ील ने हुज्जत करी, सिजदा से इनकारी हुआ तो उसपर लानत पड़ी और उसने शंकर जी की संतानों से शत्रुता आरंभ कर दी। जबकि पहले आदमों की क़ौमें इसकी शत्रुता से सुरक्षित थीं। उनके बहकाने के लिये ख़बीस जिन्न ही काफ़ी थे। चूँकि शैतान सब ख़बीसों से अधिक शक्तिशाली था उसने शंकर जी की संतानों को ऐसे नियंत्रण किया और ऐसे अपराध सिखाये जिस कारण दूसरी क़ौमें इन एशियाइयों से घृणी होने लगीं और शंकर जी की श्रेष्ठता के कारण जिन लोगों को ईश्वर की ओर से अनुदेश मिला इतने ईश्वर भक्त (ख़ुदा रसीदः) और श्रेष्ठता वाले हो गये कि दूसरी क़ौमें आश्चर्य करने लगीं। सबसे बड़े आकाशीय ग्रंथ तौरात, ज़बूर, इंजील और क़ुरान इन्हीं पर उतरे जिनकी शिक्षा, आध्यात्मिक लाभ और बरकत से एशियाई धर्म पूरी दुनिया की क़ौमों में फैल गया। शंकर जी की अभी आत्मा भी नहीं डाली गई, फरिश्ते समझ गये थे कि इसको भी दुनिया के लिये बनाया जा रहा है। क्योंकि मिट्टी के मानव धरती पर ही होते हैं। फिर किसी बहाने धरती पर भेज दिया गया। सृष्टिकालीन कार्य ईश्वर की ओर से होते हैं परंतु आरोप बन्दों पर लग जाता है। यदि शंकर जी को बिना आरोप के दुनिया में भेजा जाता तो वह दुनिया में आकर शिकायत ही करते रहते, क्षमा याचना और रोदन (गिर्याज़ारी) क्यों करते?

(1) सृष्टिकालीन नारकीय आत्मा अन्यधर्म (ग़ैर मज़हब) के घर जन्में। उसे काफ़िर और मिथ्यावादी (काज़िब) कहते हैं। यही लोग नास्तिक, अवतारों के शत्रु और साधु-संतों के शत्रु होते हैं। घमण्डी, कठोर दिल और ईश्वर के प्राणियों को कष्ट देकर प्रसन्न होते हैं। द्वितीय श्रेणी- धर्म में आकर भी धर्म से दूर

होता है। यही आत्मा यदि किसी धार्मिक प्रवृत्त वाले घराने में जन्में तो उसे द्वयवादी (मुनाफ़िक) कहते हैं।
(2) यही लोग अवतारों के धृष्ट (गुस्ताख़), संतों (अवलिया) से ईर्ष्यालु और धर्म में उपद्रवी होते हैं। इनकी आराधना भी इब्लीस की तरह व्यर्थ होती है। इन्हें धर्म स्वर्ग में ले जाने का प्रयत्न करता है परंतु भाग्य नरक की ओर खींचता है। चूँकि अवतारों, संतों की सहायता से वंचित होते हैं इसलिये शैतान और नफ़्स के बहकावे में आ जाते हैं कि तू इतनी विद्या जानता है और इतनी तपस्या करता है तुझमें और अवतारों में क्या अंतर है? फिर वह अपनी अंतरात्मा (बातिन) देखे बिना स्वयं को अवतार जैसा समझना आरंभ हो जाते हैं और साधु संतों को अपना मुहताज समझते हैं। फिर आध्यात्मवाद् और चमत्कारों के स्वीकारक नहीं होते बल्कि उसी कार्य के स्वीकारक होते हैं जिनकी उनमें स्वयं की निपुणता होती है, यहाँ तक कि चमत्कारों (मुअ्जज़ों) को भी जादू कहकर झुटला देते हैं। इब्लीस की शक्ति को मान लेते हैं परंतु अवतारों और संतों की शक्ति को मान लेना इनके लिये कठिन है।
(3) सृष्टिकालीन स्वर्गीय आत्मा यदि अन्यधर्म (ग़ैर मज़हब) या गन्दे संस्कार में आ जाये तो उसे विवश (माज़ूर) कहते हैं। विवश के लिये क्षमा और मुक्ति की संभावना होती है। यही आत्माएँ सीधा एवं सत्यमार्ग की तलाश में, और दलदल से निकलने के लिये साधु संतों का सहारा ढूँढती हैं। नर्म दिल, विवश, दानवीर होते हैं।
(4) यदि स्वर्गीय आत्मा किसी आकाशीय धर्म और धार्मिक वंश में जन्मे तो उसे सत्यवादी (सादिक़) और ईश्वरवादी (मोमिन) कहते हैं। यही लोग आराधना और कठिन तपस्या से ईश्वर की निकटता प्राप्त करके उसकी विरासत के हक़दार हो जाते हैं।

आध्यात्मवाद् में महत्व हृदयकँवल को है।

किसी ने दिल की टिक-टिक, किसी ने कबड्डी, किसी ने नृत्य, किसी ने दीवारें बनाईं और गिराईं और किसी ने व्यायाम द्वारा दिल की धड़कन को उभारा फिर उसके साथ अल्लाह-अल्लाह (नामदान) मिलाने में सरलता हो गई और धीरे-धीरे नामदान सर्व शक्तियों (लताइफ़) तक स्वयं ही पहुँच गया। और कुछ लोग गहराई में जाये बिना ही उनका अनुकरण करने लगे। उन्होंने भी अल्लाह-अल्लाह के साथ नृत्य आरंभ कर दिया। धड़कनों के साथ अल्लाह-अल्लाह तो न समझ और न ही मिला सके अपितु उनकी पाश्वात्मा (हैवानी रूह) जिसका संबंध उछल कूद से है अल्लाह के नाम से सिद्धि (मानूस) हो गई। इसी प्रकार संगीत के साथ अल्लाह-अल्लाह मिलाने से वानस्पतिकात्मा भी सिद्धि और शक्तिशाली होती है। संगीत वानस्पतिकात्मा का भोजन है। अमरीका में कुछ फसलों पर संगीत द्वारा प्रयोग किया गया। एक ही जैसी फसल एक ही जैसी भूमि पर उगाई गई। एक में दिन-रात संगीत और दूसरी को मौन रखा गया। जबकि संगीत वाली फसल दूसरी से विकास में बहुत अच्छी हुई।

नफ़्स (नाभिआत्मा) बहुत क्लेशद है। पवित्र होने के बाद भी बहानेख़ोर है। जबकि उसकी रूचि वाद्य और संगीत है। कुछ लोगों ने वाद्य द्वारा नफ़्स को अपनी ओर आकर्षित करके उसका मुख ईश्वर की ओर मोड़ने का प्रयत्न किया। कुछ लोगों ने गिटार के साथ अल्लाह-अल्लाह मिलाया और न सही कम से कम कान की आराधना तक पहुँच गये। मुझे एक गिटार वाले ने कथा सुनाई थी कि मैं रूचिवश रिक्त समय गिटार की तार के साथ अल्लाह-अल्लाह मिलाता रहता हूँ। कभी-कभी जब नींद से उठता हूँ तो मेरे अन्दर से उसी प्रकार अल्लाह-अल्लाह की ध्वनि आ रही होती है। ऐसे लोग दूसरी रूचियों अर्थात- गाने बजाने वालों और दर्शकों से श्रेष्ठ हो गये। परंतु किसी संतत्व (विलायत) के पद तक न पहुँच सके। यह लगन, तड़प और तलाश वाले लोग होते हैं और किसी पूर्णदक्ष धर्मगुरू (कामिल) द्वारा किसी गन्तव्य तक पहुँच जाते हैं। इस्लाम में भी और दूसरे धर्मों के संतों ने भी किसी न किसी प्रकार से ईश्वर के नाम को अपने अंदर समोने का प्रयत्न किया। जो कर्म ईश्वर की ओर मोड़े और उसके इश्क़ में वृद्धि करे वह अनुप्युक्त नहीं हैं।

हदीस:- ''ईश्वर कर्मों को नहीं बल्कि संकल्पों (नियतों) को देखता है''।

धर्मशास्त्र वाले इसको दूषित (मअ़यूब) और ग़लत समझते हैं क्योंकि वह धर्मशास्त्र से ही संतुष्ट और संतृप्त हो जाते हैं। परंतु वह लोग जो धर्मशास्त्र से आगे इश्क़ की ओर बढ़ना चाहते हैं, या वह लोग जो धर्मशास्त्र (शरीयत) में नहीं हैं उन्हें कुछ और पर्याय (मुतबादल) करने से क्यों रोका जाता है?

* ईश्वरधर्म (दीन-ए-इलाही) *

समस्त धर्म इस दुनिया में अवतारों द्वारा बनाये गये। जबकि उससे पूर्व स्वयं इश्क़, स्वयं आशिक़ और स्वयं माशूक़ था। और वह आत्माएँ जो उसकी निकटता, कान्ति (जलवे) और प्रेम में थीं वही इश्क़-ए-इलाही, दीन-ए-इलाही और दीन-ए-हनीफ़ था। फिर उन ही आत्माओं ने दुनिया में आकर उसको पाने के लिये अपना तन, मन न्योछावर कर दिया। यह पहले विशेष तक था, अब आध्यात्मवाद् द्वारा सर्व साधारण तक भी पहुँच गया।

हदीसः- ह० अबू हुरैराः मुझे मुहम्मद स० से दो ज्ञान प्राप्त हुए एक तुम्हें बता दिया, दूसरा बताऊँ तो तुम मुझे क़त्ल कर दो!

जब जलाशय से सूखी पुस्तकें निकलीं तो मौलाना रोम ने कहाः **ईं चीस्त** (यह कैसी विद्या है)? शाह शम्स ने कहाः ''**ईं ऑं इल्म अस्त कि तू नमी दानी** (यह वह विद्या है जिसे तू नहीं जानता)''।

जब मूसा ने कहा कि क्या कुछ और ज्ञान भी है? तो ईश्वर ने कहा कि विष्णु महाराज (ख़िज़र) के पास चला जा!

प्रत्येक आराधक (नमाज़ी) की प्रार्थनाः

''हे ईश्वर मुझे उन लोगों का सीधा मार्ग दिखा जिनपर तेरा पुरस्कार हुआ!

अल्लामा इक़्बाल रह०ः उसको क्या जाने बेचारे दो रकात के इमाम!

वह आत्माएँ जो सृष्टिकाल से ही पदधारी (बा मरतबा) हैं। ईश्वर जिनसे प्रेम करता है और जो ईश्वर से प्रेम करती हैं दुनिया में आकर भी ईश्वर का नाम लेवा हुईं, जैसे- ईशु मसीह (ईसा) प्रसूतावस्था में ही बोल उठे थे कि मैं अवतार हूँ जबकि माँ मरियम को जन्म से पूर्व ही जिब्राईल शुभ सूचना देचुका था। मूसा के बारे में फ़िरौन को भविष्यवाणी थी कि फ़लाँ क़बीले से एक बच्चा जन्म लेगा जो तुम्हारी विनाशता का कारण बनेगा और ईश्वर का विशेष बंदा होगा। हज़ूर पाक ने भी कहा थाः ''मैं दुनिया में आने से पूर्व भी अवतार था''। बहुत सी प्रिय और सृष्टिकालीन आत्माएँ विभिन्न धर्मों और शरीरों में उपस्थित हैं।

अंतिमकाल में ईश्वर किसी एक आत्मा को दुनिया में भेजेगा जो इन आत्माओं को ढूँढकर एकत्र करेगा और इन्हें याद दिलायेगा कि कभी तुमने भी ईश्वर से प्रेम किया था। ऐसी समस्त आत्माएँ चाहे किसी भी धर्म या निष्धर्म शरीरों में थीं उसकी पुकार पर उपस्थित हूँ (लब्बैक) कहेंगी और उसके चारों ओर एकत्रित हो जायेंगी। वह ईश्वर का एक विशेष नाम इन आत्माओं को प्रदान करेगा जो हृदय से होता हुआ आत्मा तक जा पहुँचेगा और फिर आत्मा उस नाम का जाप करने वाली बन जायेगी। वह नाम आत्मा को एक नया उत्साह, नई शक्ति और नया प्रेम प्रदान करेगा। उसके प्रकाश (नूर) से आत्मा का संबंध पुनः ईश्वर से जुड़ जायेगा।

हृदयभजन, आत्माजाप (ज़िक्र-ए-रूह) का माध्यम है। जैसा कि आराधना अर्थात- नमन, उपवास (नमाज़, रोज़ा) हृदयभजन (ज़िक्र-ए-क़ल्ब) का माध्यम है। यदि किसी की आत्मा ईश्वर के जाप में लग गई तो वह उन लागों से है जिन्हें तराज़ू , मृत्योपरान्त कर्मफल दिवस (यौम-ए-महशर) के दिन का भी भय नहीं, आत्मा के आगे के जाप (ज़िक्र) और आराधना उसके उच्च पद के साक्षी हैं। जिन लोगों की मंज़िल हृदयकँवल से आत्मा की ओर बढ़ रही है वही ईश्वरधर्म में पहुँच चुके या पहुँचने वाले हैं। इनको धर्मग्रंथों से नहीं बल्कि नूर से अनुदेश है और नूर से ही गुनाह से परे हो जाते हैं। और जो सुनकर या परिश्रम से भी इस स्थान से वंचित हैं वह इस श्रृंखला में सम्मिलित नहीं हैं यदि हृदयभजन एवं आत्माजाप के बिना स्वयं को इस श्रृंखला में कल्पना किया या उनका स्वाँग किये तो वह मिथ्यावादी (ज़िन्दीक़) हैं। जबकि साधारण लागों की मुक्ति का माध्यम आराधना और धर्म हैं। अनुदेश का माध्यम आकाशीय ग्रंथ हैं। बख़शिश (शिफ़ाअ़त) का माध्यम अवतारत्व और संतत्व है। बहुत से मुस्लिम वलियों की शिफ़ाअ़त को नहीं मानते। लेकिन हज़ूर मुहम्मद स० ने अपने संगतियों को (ज़ोर देकर) कहा था कि अवैस क़रनी से उम्मत के लिये बख़शिश (मुक्ति) की दुआ कराना।

* आत्माओं का धर्म *

ईश्वरइश्क़ और ईश्वरधर्म वालों की पहचान

जिसमें सब नदियाँ विलीन हो जायें वह समुंद्र कहलाता है! और जिसमें सब धर्म विलीन (ज़म) होकर एक हो जायें वही ईश्वरइश्क़ और ईश्वरधर्म है।

जित्थे चार मज़हब आ मिलदे हू। (सुल्तान बाहू रह०)

प्राथमिक पहचानः

जब हृदयकँवल और आत्मा का जाप आरंभ हो जाये, चाहे आराधना से हो या किसी पूर्ण दक्ष के दिव्य नेत्र से हो दोनों अवस्थाओं में वह सृष्टिकालिक है। गुनाहों से घृणा होना आरंभ हो जाये यदि गुनाह हो भी जाये तो उसपर भर्त्सना (मलामत) हो और उससे बचने की विधियाँ सोचे।

'' मुझे वह लोग भी पसन्द हैं जो गुनाहों से बचने की विधियाँ सोचते हैं (कुरान)''

दुनिया का प्रेम दिल से निकलना और ईश्वरप्रेम का आधिपत्य आरंभ हो जाये। मोह, ईर्ष्या, कृपणता और घमण्ड से छुटकारा अनुभूत हो। जिह्वा किसी की चुगली से रूक जाये। विनीतता (आजिज़ी) अनुभूत हो। कृपणता के स्थान दान शीलता तथा झूठ जाता दिखे। हराम इच्छायें (नफ़्सनी) हलाल में परिवर्तित हो जायें। हराम माल, हराम खाने, हराम कामों से घृणा पैदा हो।

अत्यन्त पहचानः

चरस, अफ़ीम, हिरोइन, तम्बाकू और शराब आदि से पूर्णरूपेण छुटकारा हो जाये। पवित्रतम् हस्तियों से स्वप्न या ध्यानमग्नता (मुराक़बा) या अन्तर्ज्ञान (मुकाशफ़ा) द्वारा मुलाक़ाती हो जाये। अपवित्र नाभिआत्मा (नफ़्स अम्मारा) से पवित्रतम् (नफ़्स मुतमइन्ना) बन जाये। मस्तिष्क कँवल (अन्ना) ईश्वर के सम्मुख, भगवान और भक्त के बीच सब पर्दे उठ जायें। पाप-मुक्त, ईश्वरप्रेम, ईश्वरमिलन, भक्त से भगवान और निर्धन से धनाड्य (ग़रीब नवाज़) बन जाये।

क्योंकि इस श्रृंखला में विभिन्न धर्मों से आकर विशेष आत्माएँ सम्मिलित होंगी जिन्होंने सृष्टिकाल में ईश्वर की गवाही में धर्ममंत्र पढ़ लिया था। इसलिये किसी भी धर्म की पाबन्दी नहीं होगी। प्रत्येक व्यक्ति अपने धर्म की आराधना कर सकेगा परंतु हृदयभजन सब का एक होगा अर्थात- विभिन्न धर्मों के बावजूद हृदय से सभी एक हो जायेंगे। फिर जब हृदयों में ईश्वर आया तो सब ईश्वर वाले हो जायेंगे। इसके बाद ईश्वर की इच्छा है इन्हें अपने पास रखे या किसी भी धर्म में अनुदेश के लिये भेज दे अर्थात- कोई लाभदायक होगा, कोई अद्वितीय, कोई सिपाही होगा और कोई कमाण्डर होगा। इनकी सहायता और साथ देने वाले गुनाहगार भी किसी न किसी पदवी (मरतबा) में पहुँच जायेंगे। जो लोग इस टोले में सम्मिलित न हो सके उनमें से अधिक्तर शैतान (दज्जाल) के साथ मिल जायेंगे। चाहे वह मुस्लिम हों या अन्य (ग़ैर मुस्लिम) हों। अन्त में इन दोनों टोलों में घमासान युद्ध होगा। ईशु मसीह, मेहदी, कालकी अवतार वाले मिलकर इन्हें पराजित कर देंगे। बहुत से दज्जालिये (उपद्रवी) क़त्ल कर दिये जायेंगे। जो बचेंगे वह भय और विवशता के कारण मौन रहेंगे। मेहदी (कालकी अवतार, मसीहा) और ईसा का लोगों के हृदयों पर अधिकार हो जायेगा। पूरी दुनिया में शान्ति स्थापित हो जायेगी। भिन्न-भिन्न धर्म समाप्त होकर एक ही धर्म में परिवर्तित हो जायेंगे। वह धर्म ईश्वर का रूचिकर, समस्त अवतारों के धर्मों और ग्रंथों का निचोड़, समस्त मानवता के लिये मान्य योग्य, समस्त आराधनाओं से श्रेष्ठ यहाँ तक कि ईश्वरप्रेम से भी श्रेष्ठ, ईश्वर का इश्क़ होगा।

''**जित्थे इश्क़ पहुँचावे ईमान नूँ वी ख़बर नहीं**'' ---(सुल्तान बाहू रह०)

अल्लामा इक़बाल ने इसी समय के लिये चित्रण किया थाः

* दुनिया को है उस मेहदी-ए-बरहक़ की ज़रूरत
हो जिसकी नज़र ज़ल्ज़ला-ए-आलम-ए-अफ़कार
* खुले जाते हैं असरार-ए-निहानी, गया दौर-ए-हदीस-ए-लन्तरानी
हुई जिसकी ख़ुदी पहले नमूदार, वही मेहदी वही आख़िर ज़मानी
* खोलकर आँख मेरी आईना-ए-अदराक में,
आने वाले दौर की धुंदली सी एक तस्वीर देख

लौलाक लमा देख ज़मीं देख फ़िज़ा देख,
मशरिक़ से उभरते हुए सूरज को ज़रा देख
* गुज़र गया अब वह दौर साक़ी कि छुपके पीते थे पीने वाले
बनेगा सारा जहान मयख़ाना हर एक ही बादः ख़्वार होगा
ज़माना आया है बे हिजाबी का आ़म दीदार-ए-यार होगा
सुकूत था परदादार जिसका वह राज़ अब आशकार होगा
निकल के सह्रा से जिसने रोमा की सल्तनत को पलट दिया था
सुना है कुदसियों से मैंने वह शेर फिर होशियार होगा

समस्त आकाशीय ग्रंथ और वेद (सहीफ़ा) ईश्वर का धर्म नहीं हैं। इन पुस्तकों में आराधना, उपवास और दाढ़ियाँ हैं जबकि ईश्वर इसका पाबन्द नहीं है। यह धर्म अवतारों के अनुयाइयों (उम्मतों) को प्रकाशमय और पवित्र करने के लिये बनाये गये। जबकि ईश्वर स्वयं पवित्रतम् प्रकाश (नूर) है। और जब कोई मनुष्य ईश्वर-मिलन (वस्ल) के बाद नूर बन जाता है तो फिर वह भी ईश्वरधर्म (इश्क़) में चला जाता है। ईश्वर का धर्म प्यार मोहब्बत है। 99 नामों का अनुवाद है। अपने मित्रों का वर्णन करने वाला है स्वयं इश्क़, स्वयं आशिक़, स्वयं माशूक़ है। यदि किसी ईश्वरभक्त को भी उसकी ओर से इनमें से कुछ भाग प्रदान हो जाये तो वह ईश्वरधर्म में पहुँच जाता है। फिर उसकी आराधना (नमाज़) ईश्वरदर्शन और उसकी रूचि ईश्वरभजन है यहाँ तक कि उसके जीवन के समस्त अवतारीयकार्यानुकरणों (सुन्नतों), धार्मिकीय मूल कर्मों (फ़रज़ों) का प्रायश्चित (कफ़्फ़ारा) भी ईश्वरदर्शन है। जिन्नात, फ़रिश्ते और मनुष्यों की सम्मिलित आराधनायें भी उसके श्रेणी तक नहीं पहुँच सकती।

ऐसे ही व्यक्ति के लिये शेख़ अब्दुल क़ादिर जीलानी ने कहा है कि: "जिसने ईश्वर-मिलन (विसाल) पर पहुँच कर भी इबादत की या इरादा किया तो उसने अपमान (कुफ़रान-ए-निअ़मत) किया"।
बुल्हे शाह ने कहा: "असीं इश्क़ नमाज़ जदों नियती ए...भुल गए मंदिर मसीती ए"।
अल्लामा इक़बाल ने कहा: "इसको क्या जाने बेचारे दो रकात के इमाम!"
इस ज्ञान (विद्या) के बारे में अबू हुरैरा ने कहा था: "कि मुझे हज़ूर पाक से दो ज्ञान प्रदान हुए, एक तुम्हें बता दिया, यदि दूसरा बताऊँ तो तुम मुझे क़त्ल कर दो"।

इतिहास साक्षी है कि जिन्होंने भी उस ज्ञान को खोला, शाह मंसूर और सरमद की तरह क़त्ल कर दिये गये और आज गोहर शाही भी इस ज्ञान के कारण क़त्ल के कगार पर खड़ा है।

अवतारों की धर्मशास्त्र की पाबंदी अनुयाईगणों (उम्मत) के लिये होती है वरना उन्हें किसी आराधना की आवश्यक्ता नहीं होती, वह धर्मशास्त्र से पूर्व ही बल्कि सृष्टिकाल दिवस से ही अवतार होते हैं, चूँकि उन्होंने धर्म को उदाहरण (उपमा) के रूप में संपूर्ण करना होता है उनके किसी एक धर्मास्तम्भिक कार्य (रूकुन) के छोड़ने या कर्म को भी अनुयाईगण विधान (सुन्नत) बना लेते हैं इस कारण से उन्हें सचेत और सामान्यावस्था (सहू) में रहना पड़ता है। क्या कोई व्यक्ति यह कह सकता है कि कोई भी अवतार यदि किसी भी आराधना में नहीं है तो क्या वह नरक में जा सकता है? कदापि नहीं! क्या कोई व्यक्ति कह सकता है कि आराधना के बिना अवतार नहीं बन सकता? क्या कोई यह भी कह सकता है कि ज्ञान सीखे बिना अवतारत्व (नबूवत) नहीं मिलती? फिर सन्तों पर आपत्तियाँ क्यों होती हैं? जबकि संतत्व अवतारत्व का प्रतिरूप है। याद रखें जिन्होंने ईश्वरदर्शन के बिना ईश्वर-मिलन का दावा किया या स्वयं को उस स्थान पर कल्पना करके अनुकरण किया, वह पाखण्डी और मिथ्यावादी हैं। और कुरान ने ऐसे ही झूठों पर लानत भेजी है जिनके कारण हज़ारों का समय और ईमान नष्ट होता है।

यह पुस्तक प्रत्येक धर्म प्रत्येक वर्ग (फ़िर्क़ा) और प्रत्येक मनुष्य के लिये विचारयोग्य और अन्वेषणयोग्य है और आध्यात्मवाद् विरोधियों के लिये चुनौती है।

* गोहर शाही के उपदेश *

''तीन भाग वाह्य ज्ञान के हैं, और एक भाग आन्तरिक ज्ञान का है। वाह्य ज्ञान प्राप्त करने के लिये किसी मूसा और आन्तरिक ज्ञान के लिये किसी विष्णु महाराज (ख़िज़र) को तलाश करना पड़ता है''।

.....

''जिब्राईल के बिना जो वाणी आई, उसे अंतरनाद् (इलहाम) और जो ज्ञान आया उसे वेद और ईश्वरकथन (सहीफ़े और हदीस क़ुदसी) कहते हैं और जिब्राईल के साथ जो ज्ञान आया उसे क़ुरान कहते हैं। चाहे वह वाह्य ज्ञान हो या आन्तरिक ज्ञान हो! उसे तौरात कहें, ज़बूर कहें या इंजील कहें''

.....

''धर्मविद्वानों (उलमा) से यदि कोई ग़लती हो जाये तो उसे राजनीति कहकर छुटकारा प्राप्त कर लेते हैं, संतों से कोई ग़लती हो जाये, उसे भेद (हिकमत) समझकर नज़र अन्दाज़ कर देते हैं जबकि अवतारों पर ग़लती का दफ़ा नहीं लगता''

.....

''जो जिस तपस्या (शुग्ल) में है, अंदर से उनकी संबंधित आत्माएँ शक्तिशाली हैं। और जो किसी भी शुग्ल में नहीं हैं, उनकी आत्माएँ सुसुप्त और स्तब्ध हैं। और जिन्होंने किसी भी विधि से ईश्वर का नाम इन आत्माओं में बसा लिया फिर उनका शुग्ल हर समय, सातों शक्तियों का जाप (ज़िक्र सुल्तानी) और ईश्वरीय इश्क़ है''

तब ही अल्लामा इक़बाल ने कहाः ''अगर हो इश्क़ तो कुफ़्र भी है मुसलमानी''

सच्चल साईं ने कहाः ''बिन इश्क़-ए-दिलबर के सच्चल, क्या कुफ़्र है क्या इस्लाम है''

सुल्तान बाहू ने कहाः ''जित्थे इश्क़ पहुँचावे, ईमान नूँ वी ख़बर न काइ''

ऐसे लोग जब किसी धर्म में होते हैं या जाते हैं तो उनकी बरकत से उस क्षेत्र पर ईश्वर की प्रेमवर्षा (बारान-ए-रहमत) आरंभ हो जाती है। फिर वह बाबा फ़रीद हों तो हिन्दू, सिख भी उनकी चौखट पर! यदि बाबा गुरू नानक हों तो मुस्लिम, ईसाई भी उनकी चौखट पर चले आते हैं''।

कालकी अवतार (इमाम मेहदी) समस्त धर्मों का नवीनीकरण करेंगे

जिस प्रकार मुहम्मद स० के समाप्तावतारत्व के बाद मुस्लिम में शुद्धिकारक (मुजद्दिद) आते रहे और वातावरणानुसार धर्म में कुछ नवीनीकरण करते रहे उसी प्रकार कालकी अवतार (इमाम मेहदी) के आने के बाद उन (शुद्धिकारकों) की नवीनीकरण समाप्त हो जायेगी और समस्त धर्मानुसार कालकी अवतार की अपनी नवीनीकरण होगी। **कुछ पुस्तकों में है वह एक नया धर्म बनायेंगे।**

* * * * * *

* गोहर शाही के उपदेश *

''यदि कोई आजीवन आराधना करता रहे, लेकिन अंत में कालकी अवतार (इमाम मेहदी,मसीहा) और ईशु मसीह का विरोध कर बैठा जिनको दुनिया में पुनः आना है (ईशु मसीह का सशरीर और कालकी अवतार का जीवात्मा द्वारा आना है) तो वह ब्लीअम बाऊर की तरह नारकीय और इब्लीस की तरह बहिष्कृत (मर्दूद) है।यदि कोई आजीवन कुत्तों जैसा जीवन व्यतीत करता रहा लेकिन अंत में उनका साथ और उनसे प्रेम कर बैठा तो वह कुत्ते से श्री क़तमीर बनकर स्वर्ग में जायेगा''।

''कुछ फिर्क़े और धर्मों वाले कहते हैं कि ईशु (ईसा) मर गये। अफगानिस्तान में उनकी समाधि है। यह ग़लत प्रोपगंडा है। अफगानिस्तान में किसी और ईसा नामक बुज़ुर्ग की समाधि है। उस पदयात्रा काल में महीनों की यात्रा पर जाकर दफ़नाना क्या उद्देश्य रखता था? फिर वह कहते हैं: ''आकाश पर कैसे उठाये गये''? हम कहते हैं शंकर जी आकाश से कैसे लाये गये? जबकि इद्रीस अ० भी दृश्यित शरीर द्वारा स्वर्ग में अबतक उपस्थित हैं ख़िज़र (विष्णु) और इलियास जो दुनिया में हैं उनको भी अभी तक मौत नहीं आई। ग़ौस पाक के पोते हयातुल अमीर 600 वर्ष से जीवित हैं। ग़ौस पाक ने कहा था: ''उस समय तक नहीं मरना जबतक मेरा सलाम मेहदी अ० को न पहुँचा दो''। शाह लतीफ़ को बरी इमाम की उपाधि उन्होंने ही दी थी। मरी की ओर बारह कोह में उनकी बैठक के निशान अभी तक सुरक्षित हैं''।

''वाह्य पाप का दंड जेल, जुर्माना या एक दिन की फाँसी है। यदि कोई ईश्वरप्राप्ति के मार्ग (राह-ए-फ़क़) में है तो उसकी सज़ा भर्त्सना है। जबकि आंतरात्मिक पापों का दंड बहुत अधिक है। चुग़ली करने वाले के पुण्य से जुर्माना द्वितीय पक्ष के पुण्य में सम्मिलित किया जाता है। लोभ, ईर्ष्या, कृपण्ता, और घमण्ड उसके लिखे हुए पुण्यों को भी मिटा देते हैं। यदि उसमें कुछ नूर है तो अवतारों और साधु संतों की धृष्टता (गुस्ताख़ी) और द्वेष (बुग्ज़) से छिन जाता है। जैसा कि शेख़ सनआ़न का शेख़ अब्दुल क़ादिर जीलानी की गुस्ताख़ी से दैवज्ञान एवं चमत्कार (कशफ़ व करामत) का छिन जाना''।

.....

वर्णन है कि जब बायज़ीद बुस्तामी को पता चला कि एक व्यक्ति उनकी बुराई करता है तो आपने उसका कार्यवृत्ति (वज़ीफ़ा) निश्चित कर दिया। वह कार्यवृत्ति भी लेता रहा और बुराई भी करता रहा। एक दिन उसकी पत्नी ने कहा: ''नमक हरामी छोड़, या कार्यवृत्ति छोड़ या बुराई छोड़''। फिर उसने प्रशंसा करनी आरंभ कर दी। आपको जब प्रशंसा का पता चला तो उसका कार्यवृत्ति बंद कर दिया। फिर वह आपके पास उपस्थित हुआ कि जब बुराई करता था, कार्यवृत्ति मिलता था, अब प्रशंसा के कारण कार्यवृत्ति क्यों बंद हुआ? आपने उत्तर दिया: ''तू उस समय मेरा मज़दूर था, तेरी बुराई से मेरे गुनाह जलते, मैं उसका तुझे प्रतिकर देता था अब किस कार्य का प्रतिकर दूँ?'' ऊपर लिखित बुराइयों का संबंध अति दुष्ट नाभिआत्मा (नफ़्सअम्मारा) से है, जिसका सहायक इबलीस है। जबकि इन्द्रियनिग्रह (तक़वा), दानशीलता, क्षमा (दरगुज़र), धैर्य एवं धन्यवादिता, विनीतता और ईश्वरज्योति का संबंध ईश्वरदृष्टि में आये हुए वीर गति प्राप्त हृदयकँवल (क़ल्ब शहीद) से है। जिसका सहायक आध्यात्मिक गुरू (वली, मुर्शिद) है।

.....

जबतक नाभिआत्मा अतिदुष्ट है किसी भी पवित्र वाणी के प्रकाश दिल में ठहर नहीं सकते निःसंदेह शब्द एवं पंक्तियों (आयतों) का कंठस्थक (हाफ़िज़) क्यों न बन जाये, तोता ही है। जब तेरी नाभिआत्मा पवित्र-संतुष्टित (मुतमइन्ना) हो जायेगी फिर अपवित्र वस्तु तेरे अंदर ठहर नहीं सकती, फिर तू हलाल पक्षी है। नाभिआत्मा को पवित्र करने के लिये किसी नाभिभंजक (नफ़्स शिकन) को तलाश कर। जो हर समय ईश्वर की ओर से ड्युटी पर तैनात है। शरीर की वाह्य पवित्रता (तहारत) जल से होती है जबकि शरीर की आंतरिक पवित्रता नूर से होती है। पवित्रता के बिना गन्दा और अपवित्र है। स्वच्छ शरीर आराधनायोग्य होता है, जबकि स्वच्छ हृदय ईश्वरदृष्टियोग्य होता है। फिर ही आकाशीय ग्रंथ अनुदेश करते हैं पवित्रों को (हुदल्लिल मुत्तक़ीन)। वरना ग्रंथों वाले ही ग्रंथों वालों के शत्रु बन जाते हैं। मुजद्दिद अल्फ़ सानी मकतूबात में लिखते हैं: ''कुरान उन लोगों के पढ़ने योग्य नहीं जिनके नाभिआत्मा अति दुष्ट हैं। प्राथ्मिकों को चाहिये कि पहले ईश्वर भजन करे अर्थात आंतरिक को पवित्र करे, अन्तगामी (मुन्तही) को चाहिये कि फिर कुरान पढ़े''। **हदीस**: कुछ लोग कुरान पढ़ते हैं और कुरान उनपर लानत करता है।

बुल्हे शाहः खा के सारा मुकर गये, जिन्हॉ दे बग़ल विच कुरान

तपस्वी को भ्रम है कि वह ईश्वर के लिये आराधना और रात्रि जाग्रिता कर रहा है इसलिये वह ईश्वर के निकट है। आराधना के बाद तेरी प्रार्थना, स्वास्थ्य, दीर्घायु, धन दौलत और अपसरायें एवं राज महलें हैं। सोच! क्या तूने कभी भी यह प्रार्थना की थी, हे ईश्वर मुझे कुछ नहीं चाहिये मात्र तू चाहिये?

.....

धर्मविद्वान को भ्रम है कि मैं ईश्वर समीप्ता में पारितोषित (बख़शा-बख़शाया) हुआ हूँ। क्योंकि मेरे अंदर ज्ञान और कुरान है। फिर तू दूसरों को नारकीय क्यों कहता है जबकि हर मस्लिम को भी कुछ न कुछ ज्ञान और कुरान की बहुत सी पंक्तियॉ याद हैं। सोच! ज्ञान कौन बेचता है? स्वयं कौन बिकता है? साधु संतों (वलियों) की पीठ पीछे बुराई कौन करता है? ईष्यालु , घमंडी, और कृपण कौन होता है? दिल में और, जुबान में और, प्रातः और, संध्या को और, यह किसका व्यवहार है? सच को झूठ और झूठ को सच बनाकर कौन संमुख करता है? यदि तू इनसे दूर है तो तू प्रतिनिधि (ख़लीफ़ा-ए-रसूल) है! तेरी ओर पीठ करना भी अपमान है।

अर्थात.... पाठक (क़ारी) नज़र आता है, वास्तव में है कुरान।

यदि तू इन कुप्रकृतियों (ख़सलतों) में खोया हुआ है तो फिर तू वही है जिसके लिये भेड़िये ने कहा था कि यदि मैंने यूसुफ़ को खाया हो तो ईश्वर मुझे चौदहवीं शताब्दी के धर्म विद्वानों से उठाये।

सत्य एवं सीधा मार्ग (सिरात मुस्तक़ीम)

1- जिनके वाह्य सुंदर परंतु आंतरिक काले हैं, धर्म में उपद्रवी हैं, शैतान के प्रतिनिधि हैं।
हदीस:- जाहिल आलिम से डरो और बचो, ''जिसकी जिह्वा विद्वान और हृदय निष्ज्ञान अर्थात- काला हो''।
2- आंतरिक सुंदर परंतु वाह्य नष्ट। इनको दीवाना (मजज़ूब), विवश (मअ़ज़ूर), मस्ताना (सुकर) और अद्वितीय (मुनफ़रिद्) कहते हैं।

इश्क़ में अक़्ल ही न रही तो हिसाब-ए-हश्र क्या? (तर्याक़ क़ल्ब)

धर्म के लिये परेशानी, परंतु ईश्वर के समीप्ता में होते हैं। परंतु और अधिक पद प्राप्त नहीं कर सकते, पदधारक पुष्टि अनुकरणकर्ता मिथ्यावादी (बामर्तबा तस्दीक़, नक़्क़ालिये ज़िंदीक़)। इन्होंने राष्ट्रपति अय्यूब, बेनज़ीर, और नवाज़ शरीफ़ जैसों को उनके राज्यकाल में डण्डे मारे और गालियॉ दीं। तुम किसी सत्ताधारी को डंडे मार कर दिखाओ, अर्थात- यह केवल उन्हीं तक सीमित है। दूसरों के लिये नहीं है।
3- वाह्य सुंदर आंतरिक भी सुंदर। वाह्य आराधना के अतिरिक्त हृदयभजन में भी होते हैं। इनको ईश्वर परिचित विद्वान (आलिम रब्बानी) कहते हैं। यही अवतार के सिंहासन (मिमबर-ए-रसूल) और धर्म के उत्तराधिकारी होते हैं और जब किसी का वाह्य और आंतरिक एक हो जाता है तो उसे ईश्वर का प्रतिनिधि (नायब-ए-अल्लाह) कहते हैं। यदि स्वप्न में या आध्यात्मिक रूप से तीर्थ (हज) करता है तो वाह्य में भी उसका स्थान मिलता है, बल्कि दृश्यित तीर्थ से बहुत ही अधिक। आत्माओं की आराधना (नमाज़) वाह्य आराधना की मान्यता रखती है, बल्कि कहीं अधिक। यदि वाह्य में आराधना करता है तो आंतरिक में भी उसकी आराधना ईश्वर प्राप्ति (मेराज) बन जाती है, यही लोग हैं, शरीर इधर, आत्मा उधर, संयास (फ़क़्) विभाग में इनको ज्ञातक (मुअ़ारिफ़्) भी कहते हैं। जबकि आशिक़ के लिये ईश्वरदर्शन ही पर्याप्त है। कुछ लोग कहते हैं ईश्वरदर्शन हो ही नहीं सकता परंतु यह दर्शन वाला ज्ञान हज़ूर पाक (मुहम्मद स०) से आरंभ हो चुका है। इमाम अबू हनीफ़ा के कथनानुसारः ''मैंने (99) वार ईश्वर को देखा है''। बायज़ीद बुस्तामी कहते हैं: ''मैंने (70) वार ईश्वर का दर्शन किया है''। दर्शन मस्तिष्कात्मा (अन्ना) से होता है, और तुम मस्तिष्कात्मा की विद्या एवं जाप से अन्भिज्ञ हो।

* ईश्वर का मित्र *

यदि किसी को लोग (ख़ल्क़-ए-ख़ुदा) दैव ज्ञान एवं चमत्कार और आध्यात्मिक लाभ के कारण संत (वली) मानते हैं लेकिन उसके किसी कर्म या धर्म के कारण तू हृदय-क्षुब्ध (दिल बर्दाश्ता) है। उसकी निंदा करने से बेहतर है तू उधर जाना छोड़ दे। क्या पता! वह कोई ईश्वर दृष्टिगत (मंज़ूरे ख़ुदा) हो! अमर धर्मगुरू (शेख़ बक़ा) हो! या कोई लाल शहबाज़ हो! कोई ख़िज़र (विष्णु) हो! या साईं बाबा हो! या गुरूनानक हो! कोई बुल्हे शाह हो, और कोई सदा सुहागन भी हो सकता है!

* गोहर शाही का मानवजगत के लिये क्रांतिकारी संदेश *

मुस्लिम कहता हैः ''मैं सबसे उच्च हूँ'', जबकि यहूदी कहता हैः ''मेरा स्थान मुस्लिम से भी ऊँचा है'', और ईसाई कहता हैः ''मैं इन दोनों से बल्कि सब धर्मों वालों से श्रेष्ठ हूँ क्योंकि मैं ईश्वर के पुत्र का अनुयाई (उम्मत) हूँ''। परंतु **गोहर शाही** कहता हैः ''सबसे श्रेष्ठ और उच्च वही है जिसके हृदय में ईश्वरप्रेम है चाहे वह किसी भी धर्म से न हो! ज़ुबान से जाप एवं आराधना उसकी आज्ञा पालन एवं फ़रमॉबरदारी का प्रमाण है जबकि हृदयभजन, ईश्वरप्रेम और संपर्क का माध्यम है''।

पदधारी पुष्टि अनुकरण कर्ता मिथ्यावादी, झूटी अवतारत्व का दावेदार काफ़िर है। जबकि झूटी संतत्व (विलायत) का दावेदार कुफ़्र के निकट है। वली मित्र को कहते हैं और मित्र का एक दूसरे को देखना और वार्तालापित होना आवश्यक है। हज़ूर ने भी एक बार संगतियों को कहा था कि कुछ कार्य मात्र मेरे करने के हैं, तुम्हारे लिये नहीं हैं। प्रत्येक उपासक (नमाज़ी) की यही प्रार्थना होती है किः ''हे ईश्वर मुझे उन लोगों का सीधा मार्ग दिखा जिनपर तेरा पुरस्कार हुआ। जबतक उसकी आत्मा ईश्वरगृह (बैतुल मामूर) में जाकर आराधना न करे जिसे वास्तविक आराधना कहते हैं क्योंकि वह आराधना मरने के बाद भी जारी रहती है। जैसा कि मिलनरात्रि (शब-ए-मेअ़राज) में बैतुलमुक़द्दस में भी सब अवतारों की आत्माओं ने नमाज़ पढ़ी थी, और जबतक ईशवरदर्शन न हो जाये उस समय तक धर्मशास्त्रपालन (शरीअ़त) आवश्यक है। अलबत्ता सुस्त और गुनहगार लोगों के लिये भी ईश्वर ने कुछ पर्याय बनाया हुआ है। ईश्वर के नाम का हृदयभजन भी वाह्य आराधना और गुनाहों का प्रायश्चित करता रहता है और कभी न कभी उसे ईश्वरप्रिय और आध्यात्मिक (रोशन ज़मीर) बना देता है।

''जब तुम्हारी आराधनायें छूट (क़ज़ा हो) जायें तो ईश्वरभजन कर लेना।
उठते, बैठते यहाँ तक कि करवटों के बल भी''। (क़ुरान)

साधु संतों की निकटता, संबंध, दृष्टि, और आशीर्वाद भी पापियों के भाग्य चमका और नरक से बचा लेती है। जैसा कि मुहम्मद स० ने अनुयाइयों (उम्मत) के पापियों की मुक्ति के लिये अवैस क़रनी से भी प्रार्थना के लिये संगतियों को भेजा था। दानशीलता, कठिन तपस्या और बलिदान से भी पापों का प्रायश्चित और मुक्ति भी हो सकती है। विनीतता, तौबा ताएब और गिड़गिड़ाना भी ईश्वर को पसन्द है। जिसके कारण नसूह जैसा कफ़न चोर और मृत स्त्रियों से मैथुन (बेहुर्मती) करने वाला बख़्शा गया। (क़ुरान)

